हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 222, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 13 फरवरी, 2024 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी


## 2047 में दुनिया का नंबर एक देश बनेगा भारत : अमित शाह

### मोदी के बाद शाह ने भी 370 सीटों पर जीत का किया दावा



अहमदाबाद। बीते दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया था कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 सीटों पर एनडीए 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। प्रधानमंत्री के इस दावे की विपक्ष ने आलोचना की थी और इसे प्रधानमंत्री का अहंकार बताया था। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा ही दावा किया है।

**बोले- तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा हमारा देश**

**'कोई शक नहीं कि भाजपा 370 सीटों पर जीतेगी'**- अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान सोमवार को अमित शाह ने कहा कि 'लोगों के दिमाग में कोई शंका नहीं है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। वहीं एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटों पर जीत मिलेगी।' अमित शाह ने कहा कि 'मोदी सरकार के कार्यकाल के पहले पांच साल तो विपक्षी पार्टी की सरकार के गड्ढे भरने में ही निकल गए थे। अब अगले पांच वर्षों में मजबूत विकास की नींव रखी गई है।' अमित शाह ने कहा 'उन्हें (पीएम मोदी) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए तो इस नींव पर तेजी से एक शानदार इमारत का निर्माण किया जाएगा।'

अमित शाह ने अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में 1950 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की शुरूआत की। इस दौरान शाह ने कहा 'मैं कल कर्नाटक में था और जनवरी में 11 राज्यों का दौरा कर चुका हूं। किसी राज्य में लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कोई सस्पेंस नहीं है। पूरे देश का मूड है कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।' अमित शाह ने कहा कि 'गुजरात मॉडल के आधार पर ही लोगों ने मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने की योजना बनाई है और 10 वर्षों के बाद लोगों को विश्वास हो गया है कि भारत 2047 तक दुनिया का नंबर एक देश बनेगा।'

**'तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा हमारा देश'**- शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री की योजना और उस पर पूरी मेहनत से काम करने का ही नतीजा है कि भारत 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। तीसरे कार्यकाल में देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।' शाह ने कहा कि देश ने 550 वर्षों तक अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार किया। 22 जनवरी को हम रामलला के खूबसूरत मंदिर के गवाह बने। अमित शाह ने अपने संबोधन में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जन्मजयंती की शुभकामनाएं भी दीं।

## मथुरा : बस से टकराई कार में लगी आग, जिंदा जल गए चार लोग



मथुरा। मथुरा के मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर आज सुबह तड़के माइल स्टोन 117 अचानक से बस और एक कार में आग लग गई। सवारियों ने आनन फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं कार सवार चार लोग जिंदा जल गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग पर काबू पा लिया गया है। मरने वालों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। आज सुबह तड़के थाना महावन क्षेत्र के अंतर्गत माइल स्टोन 117 पर अचानक से एक बस और कार में भीषण आग लग गई। बस की सवारियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। बताया गया है कार सवार अंदर ही फंस गए। कार में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एसएससी शैलेश कुमार पांडेय के अनुसार आग बुझा ली गई है। कार में चार लोगों जिंदा जलकर मौत हो गई।

## किसानों का एलान: सड़कों पर कीलें, सीमेंट की दीवारें व बैरिकेड्स लगे, दिल्ली में 12 मार्च तक धारा 144 लागू




नई दिल्ली। किसानों ने एक बार फिर दिल्ली कूच का एलान कर दिया है। 13 फरवरी को किसानों के दिल्ली आने की खबर है। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उनको आने से रोकने के लिए खासे इंतजाम किए हैं। दिल्ली के तमाम बॉर्डर के अलावा सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर ज्यादा एहतियात बरती जा रही है। मिली रिपोर्ट के मुताबिक, किसान मार्च को देखते हुए दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर सड़कों को बंद कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ टिकरी बॉर्डर पर भी बैरिकेड्स लगा दिए हैं। राजधानी दिल्ली के सभी बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। किसान संगठनों के मंगलवार को दिल्ली जाने से पहले दिल्ली यूपी बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रविवार रात से यूपी गेट गाजीपुर लेन को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया।इससे दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों को बड़ी परेशानी हुई। सोमवार सुबह दिल्ली जाने वाले लोगों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ सकती है। यूपी गेट-गाजीपुर लेन पर लोहे की बैरिकेडिंग लगाकर दिल्ली जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। इससे वाहन चालक एनएच 9 से यूपी गेट फ्लाईओवर के नीचे से दिल्ली नहीं जा सके। कई वाहन चालक दिल्ली से आने वाले रास्ते से होकर गाजीपुर मंडी की तरफ निकले। इस दौरान वाहनों की कतार लग गई। वहीं, कौशांबी-आंनद विहार बॉर्डर पर भी बैरिकेड रख दिए गए। इस पॉइंट पर वाहन चालक एक लेन से होकर दिल्ली पहुंचे जबकि कौशांबी की इंटरनल रोड़ पर कंटेनर रखकर उसे बंद कर दिया गया। सोमवार सुबह दिल्ली जाने वाले लोगों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में वाहन चालक यातायात संचालन को देखकर ही दिल्ली जाने के लिए घर से निकलें या फिर मेट्रो रेल का प्रयोग करें। पुलिस ने कटीले तारों के अलावा बैरिकेड्स, सीमेंट के बड़े-बड़े ब्लॉक (जर्सी बैरियर), कंटेनर और दूसरे अवरोधक लगाए गए हैं। माना जा रहा है कि पंजाब और हरियाणा से आने वाले किसान इन दोनों बॉर्डर से राजधानी में प्रवेश के प्रयास कर सकते हैं, इसलिए पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए यहां इंतजाम किए हैं। सिंघु बॉर्डर पर पुलिस ने अस्थायी कार्यालय और कंट्रोल बनाने के अलावा करीब एक किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। ड्रोन की मदद से एरिया की निगरानी भी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि किसानों ने दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने के लिए पंजाब और हरियाणा में 15 से 20 बार रिहर्सल की है। ऐसे में पुलिस इसे बड़ी चुनौती मान रही है। किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए लगभग सभी जिलों में पुलिस अपने जवानों को मॉक ड्रिल करवा रही है। दिल्ली पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी रविवार को भी बैठकें करते रहे। अप्सरा, भोपरा, गाजीपुर, चिल्ला के अलावा बदरपुर बॉर्डर पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल सिंघु और टिकरी बॉर्डर को सील कर दिया गया है। वहां पर बगैर जांच के किसी भी वाहन को सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।

## देश के पहले कचरा से कोयला बनाने वाले प्लांट का उद्घाटन करने आ रहे वाराणसी सांसद

### फरवरी के अंतिम सप्ताह में दो दिवसीय दौरे पर फिर काशी में रहेंगे पीएम





प्रखर वाराणसी। पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में अनोखा प्लांट लगाया गया है। जहा पर कचरे- कूड़े से कोयला बनाया जाने शुरूआत हो रही है। देश में इस तरह के पहले प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों इसी महीने के अंत में होगा। इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और कचरे का निस्तारण होगा। इसके साथ ही प्लांट में कूड़े- कचरे से कोयला बनकर तैयार होगा। वे दो दिवसीय दौरे पर फरवरी के अंतिम सप्ताह में वाराणसी आ रहे हैं। पीएम मोदी, अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा करते हुए वाराणसी को करोड़ों की सौगात देने जा रहे हैं। इनमें से एक ऐसी सौगात है जिसकी डिमांड वाराणसी के जनता को वर्षों से थी और अब वो पूरी हो रही है। यह सपना वाराणसी में निकलने वाले कचरे के निस्तारण को लेकर था। इसे लेकर अब वाराणसी में देश का पहला प्लांट लगाया गया है जो वाराणसी में निकलने वाले कूड़े- कचरे से कोयला तैयार करेगा। वाराणसी में लंबे समय से चल रही कूड़े से कोयला बनाने की कवायद पूरी हो चुकी है. इसको लेकर वाराणसी के रमना में प्लांट स्थापित किया गया है. यह प्लांट नगर निगम और एनटीपीसी के सहयोग से तैयार हुआ है, जिसमें 600 सौ टन कूड़े से 200 टन कोयला तैयार किया जाएगा. प्लांट, नेशनल थर्मल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित होगा जो देश पहला कचरे से कोयला बनाने का प्लांट है। इस पूरे प्लांट को मेड इन इंडिया के तर्ज पर तैयार किया गया है, जो बनारस के अलग- अलग हिस्सों से कचरा इकट्ठा कर उसे प्री हीट करके कचरे के मॉस्चर को खत्म करते हुए कोयला तैयार करेगा। नगर निगम ने कहा है कि इस प्लांट के रिजल्ट्स के बाद इसे अन्य शहरों और राज्यों में लगाया जा सकता है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी एन. पी.सिंह ने बताया कि इस प्लांट से जहाँ कचरे का निस्तारण होगा तो वहीं आने वाले समय में कोयले की कमी को भी पूरा करेगा। वही हरित कोयले के रूप में पॉल्युशन फ्री कोयले का भी प्रोडक्शन नया कीर्तिमान रचेगा. इसकी शुरूआत 23 फरवारी को प्रधानमंत्री मोदी अपने हाथों से कर सकते हैं।

## फ्लोर टेस्ट में नीतीश जीते, 130 का समर्थन, तेजस्वी के साथ राजद

बिहार। बिहार की नीतीश कुमार सरकार का बहुमत परीक्षण सोमवार को था। पक्ष में 128 विधायक थे, विपक्ष में 114 और एक अलग। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह के बाद सदन में वोटिंग कराई गई। सत्ता पक्ष के समर्थन में 130 वोट पर पड़े। इस तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फ्लोर टेस्ट में पास हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खरीदने की कोशिश हुई लेकिन या कोशिश सफल नहीं हो पाई। विजय चौधरी ने कहा कि यह बाहर लोगों को बरगलाया जा रहा है। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के वक्त जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संबोधन देने के लिए खड़े हुए तो राजद विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुस्सा गए और उन्होंने कहा यह लोग मुझे बोलने देना नहीं चाहते हैं आप वोट करवाइए। इसके बाद तेजस्वी यादव अपने विधायकों के साथ सदन से वॉक आउट कर गए। सदन से बाहर निकले कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खां ने कहा कि ऐसा भी मौका आता है, जब जीत में भी हार दिखती है। आप जीत तो गए हैं, लेकिन आपकी निगाहें शर्म से झुकी हैं। एनडीए सरकार केवल विरोधाभास से भरी हुई है। भाजपा के इतिहास के बारे में तो नीतीश कुमार ने कई बार कहा है कि यह देश बदल देंगे। लेकिन, आप हमेशा बदलते रहे हैं, आपको इतिहास आपको याद रखेगा। भाजपा विधायक रश्मि वर्मा, भागीरथी देवी भी सदन पहुंच चुकी हैं। उनके साथ मिश्रीलाल यादव भी थे। वहीं इनसे पहले जदयू विधायक बीमा भारती भी सदन पहुंच गईं।



## पहले प्रदेश में होते थे दंगे, अब दंगामुक्त माहौल : सीएम योगी आदित्यनाथ



मुजफ्फरनगर। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा शुकतीर्थ से ग्राम परिक्रमा शुरू कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस यात्रा का आगाज किया। ट्रेक्टर पूजन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा के मंच पर पहुंचकर भाजपा नेताओं और आसपास से पहुंचे किसानों के अभिवादन के साथ अपना संबोधन शुरू किया। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण से अपने भाषण की शुरूआत की और कहा कि 500 वर्ष का ये सपना पूरा हुआ, अब अयोध्या में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जो कहती है, वो कर-के दिखाती है। पहले मुजफ्फरनगर में दंगे होते थे कई दिन तक दंगे चलते थे। कई नेता भी जेल में थे। अब कोई दंगा कर सकता है क्या? गन्ना मूल्य के बकाया पर बात करते हुए उन्होंने कहा पहले सात प्रतिशत बकाया भुगतान था लेकिन अब 99 प्रतिशत गन्ना भुगतान किया जा रहा है। 119 चीनी मिलों में से 105 मिले ऐसी है जो शत-प्रतिशत भुगतान कर चुकी हैं। कहा कि डबल इंजन की सरकार को लाने का श्रेय अन्नदाताओं को जाता है। जनता से जो वादे किए वो पूरे किए। हमनें मुफ्त बिजली के लिए व्यवस्था की है। हम यहां आए तो पता चला कि यहां का ऑर्गेनिक गुड़ न सिर्फ देश, बल्कि विदेश में भी अपनी खुशबू बिखेर रहा है। इसके लिए बिजनौर, मुजफ्फरनगर और शामली वालों को बधाई। सरधना में खेल यूनिवर्सिटी पर कार्य शुरू हो गया है। ओलंपिक में पदक जीतने वाली बेटियों को हमने नियुक्ति पत्र सौंप दिए हैं। कहा कि पहले की सरकार युवाओं की नौकरी में भी ठगी करती थीं। युवाओं के रोजगार में भी घपला होता था। यूपी में होने वाली 60 हजार भर्ती की प्रक्रिया बिना किसी भेदभाव होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिए मोटे अनाज यानी सुपरफूड के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

## स्वामी प्रसाद का बड़ा बयान, सपा में भाजपा के एजेंट हैं मनोज पांडेय

अमेठी। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत को धर्म के ठेकेदारों ने गरीब और लाचार बना दिया है। विफलता छिपाने के लिए धर्म और राम के नाम का ढिंढोरा पीट रहे हैं। ये बातें उन्होंने बाजार शुकुल में आयोजित संविधान संगोष्ठी एवं सामाजिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में सवाल पूछा गया कि आपकी पार्टी के ही मनोज आप पर मानसिक रूप से विक्षिप्त होने का आरोप लगा रहे हैं। इसपर स्वामी प्रसाद ने कहा कि इसका बेहतर उत्तर वही दे सकते हैं, जिन्होंने इस तरह का आरोप लगाया है। इस देश के दलित, आदिवासियों, पिछड़ों पर जो जुल्म व अत्याचार करना अधिकार मानते हैं, जो हमें जानवर से बदतर जीवन जीने की परिस्थितियां पैदा करते हैं, वह हमारी तारीफ कैसे कर सकते हैं। असल में मनोज सपा में भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए मौर्य ने कहा कि अयोध्या में हजारों वर्षों से राम पूजे जा रहे हैं। भाजपा उनकी मार्केटिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि आज युवा बेरोजगार हैं, लेकिन उनकी नौकरी पर सवाल नहीं होता। सरकार पर ईडी के माध्यम से विपक्षी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। कहा कि लोकतांत्रिक देश में लोकतंत्र को निगलने की तैयारी है। रामचरितमानस की चौपाई का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा। कहा कि ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, सकल ताड़ना के अधिकारी के आधार पर अगर आप लोग नहीं चेते तो आपकी ताड़ना चलती रहेगी।



## इन विश्वासघातियों को एहसास..., चव्हाण के पार्टी छोड़ने के एलान पर भड़की कांग्रेस, साधा निशाना



मुंबई। कांग्रेस को एक के बाद एक तगड़ा झटका मिल रहा है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं। वैसे-वैसे पार्टी के नेता उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। अब कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने राज्य में पार्टी को छोड़ने का फैसला किया है। उनके इस्तीफा देने पर कांग्रेस का कहना है कि जो लोग पार्टी छोड़ रहे हैं उन पर जांच एजेंसियों का दबाव है। बता दें, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका देते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने स्पीकर को अपना इस्तीफा भेजा। साथ ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ने का एलान किया है। ऐसी अटकलें हैं कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने चव्हाण का नाम लिए बिना कहा, 'जब मित्र और सहयोगी किसी ऐसी राजनीतिक पार्टी को छोड़ते हैं, जिसने उन्हें बहुत कुछ दिया है, शायद उससे कहीं ज्यादा, जिसके वे हकदार हैं। लेकिन जो लोग कमजोर हैं, उनके लिए यह वॉशिंग मशीन हमेशा वैचारिक प्रतिबद्धता या व्यक्तिगत वफादारी से अधिक आकर्षक साबित होगी। इन विश्वासघातियों को इस बात का एहसास नहीं है कि उनके जाने से उन लोगों के लिए नए बड़े अवसर पैदा हुए हैं जिनकी वृद्धि में वे हमेशा रुकावट बनते आए हैं।' इस बारे में पूछे जाने पर पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'आज विपक्ष की राजनीति करना बहुत मुश्किल है। आज सरकार की आंख में आंख में डालकर यह बोलना बहुत मुश्किल है कि आपका सारा फजीर्वाड़ा (आंकड़ों का) गलत है, आपका श्वेत पत्र गलत है। किसी के ऊपर जांच एजेंसी का दबाव है, किसी पर प्रलोभन होता है और किसी के ऊपर अन्य तरह का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी है, उन सबके ईडी के मामलों को देख लीजिए, तो तस्वीर अपने आप साफ हो जाएगी।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ह्यविपक्ष की राजनीति मुस्तैदी से करना बहुत मुश्किल है। यह वही कर सकता है जिसके अंदर लड़ने का कलेजा है, माद्दा है और शिद्दत है, जो सरकार से कहता है कि जेल में डाल दो, लेकिन तुम्हारा विरोध करता रहूंगा, सच के लिए खड़ा रहूंगा। मुझे लगता है कि राहुल गांधी आज यह काम बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, जो जा रहा है उसको हाथ पकड़कर हाथ नहीं रोक सकते। उसके ऊपर जरूर कोई दबाव होगा। मुझे लगता है कि यह दबाव एजेंसियों का है।' सुप्रिया ने दावा किया, ह्यसरकार की वाशिंग मशीन लोगों के लिए खोल दी जाती है। 70 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप रात में लगाएंगे और अगली सुबह मोदी जी उनके साथ हाथ मिलाकर सरकार बना लेते हैं। इस तरह की चीजें लोकतंत्र को क्षीण करती हैं।

## महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका, अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी, विधायक पद भी छोड़ा

मुंबई। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने राज्य में पार्टी को छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने स्पीकर को अपना इस्तीफा भेजा। साथ ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ने का एलान किया है। ऐसी अटकलें हैं कि वह महाराष्ट्र के सत्तासीन भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को लिखे एक पत्र में चह्वाण (65) ने कहा कि वह पार्टी छोड़ रहे हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को भी विधायक के रूप में अपना इस्तीफा सौंपा। गौरतलब है कि चह्वाण के कांग्रेस छोड़ने से कुछ दिन पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा ने भी पार्टी छोड़ी दी थी। चह्वाण के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से बातची की। उन्होंने इशारों-इशारों में चव्हाण के भाजपा में शामिल होने के संकेत दिए। फडणवीस ने कहा, आगे-आगे देखो होता है क्या। अशोक चह्वाण मराठावाड़ा क्षेत्र में नांदेड क्षेत्र से आते हैं। उनके पिता दिवंगत शंकरराव चह्वाण भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। अशोक चव्हाण विलासराव देशमुख की सरकार में सांस्कृतिक मामलों, उद्योग, खान और प्रोटोकॉल मंत्री रहे। वह नांदेड़ जिले की भोकर सीट से 2019 में विधायक बने। वे 2008 से 2009 और फिर 2009 से 2010 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी रहे। अशोक चह्वाण ने मुंबई में आदर्श आवासीय घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर 2010 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। वे दो बार के सांसद और चार बार विधायक हैं। 2015 से 2019 तक महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभाई। 1987 में पहली बार लोकसभा के सांसद चुने गए।



## संपादकीय

# लोकतंत्र की ललक

गुरबत और आर्थिक संकटों से जूझते पाकिस्तानी अवाम ने जो जनादेश हालिया आम चुनाव में दिया, वह पाक सेना के मंसूबों पर पानी फेरता नजर आया है। बहुत संभव है पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों द्वारा रची गई व्यूह रचना जेल के भीतर से जनादेश को प्रभावित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों को सत्ता से दूर रख दे, लेकिन पूरी दुनिया ने पाकिस्तानियों की स्वस्थ लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता को तो देख ही लिया है। यहां सवाल यह है कि क्या इमरान अब जल्दी जेल से बाहर आ पाएंगे? कुछ मुकदमें वापस हुए हैं। राजनीतिक अनिश्चितता, सेना द्वारा पैदा अवरोधों, इंटरनेट व सोशल मीडिया पर पाबंदी, कानूनी दांव-पेचों के बावजूद इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों का सबसे आगे रहना, पाकिस्तानी सेना के लिये करारा सबक तो है। बहुत संभव है कि सेना द्वारा पर्दे के पीछे रचे प्रपंच से सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज यानी पीएमएल और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सफल हो जाएं, लेकिन पाकिस्तान के लोकतंत्र के इतिहास में यह बात दर्ज हो गई है कि पाक की जनता जेल के सीखचों में कैद लोकतंत्र के जायज प्रतिनिधि को जिताने का दमखम रखती है। अब पाकिस्तान में सत्ता के तमाम समीकरण तलाशे जा रहे हैं। कोशिश हो रही है कि छोटे दलों के सहयोग से 265 सीटों वाली नेशनल असेंबली में किसी तरह बहुमत का आंकड़ा 133 हासिल कर लिया जाए। बहुत संभव है सेनाश्रय में नवाज शरीफ फिर सत्ता की बागडोर हासिल कर लें और पीपीपी किंग मेकर की भूमिका निभाती नजर आए। कहना कठिन है कि पीटीआई के समर्थन से जीते निर्दलीय उम्मीदवारों में से कितने अपने स्टैंड पर कायम रहते हैं और कब तक। यह उनकी वफादारी दिखाने का भी समय है। वहीं सौदेबाजी करके पक्ष बदलने की आशंकाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि नवाज शरीफ लोकतंत्र की दुहाई देकर सभी दलों को साथ आने की बात कर रहे हैं। साथ ही निर्दलीयों की सफलता का भी सम्मान करने की बात कर रहे हैं। निस्संदेह,पाकिस्तान में लंबे समय तक सेना के दखल और राजनीतिक मूल्यों में निरंतर आई गिरावट ने पाकिस्तानी लोकतंत्र को रुग्ण अवस्था में पहुंचा दिया है। कट्टरपंथियों और भ्रष्ट राजनेताओं ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभायी है। ऐसे में जीते निर्दलीय उम्मीदवारों की खरीद-फरोख्त की आशंकाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कानून व्यवस्था में व्याप्त तमाम छिद्र इसमें उनकी मदद कर सकते हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि पाला बदलने वाले नेता जनता में अपनी साख खो सकते हैं। वैसे भी पश्चिमी जगत में पाक लोकतंत्र को संदिग्ध चुनाव प्रक्रिया के जरिये चोट पहुंचाने पर तीखी आलोचना की जा रही हैं। चुनाव के दौरान इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगी पाबंदी को इन्हीं धांधलियों को सिरे चढ़ाने के प्रयासों के रूप में देखा गया। बहरहाल पाक में जोड़तोड़ करके किसी की गठबंधन सरकार बनती भी है, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी साख पर आंच तो आएगी ही।

## नहीं है आता नाम!



लिस्ट हो रही जारी ।  
नहीं है आता नाम ।।  
लगातार हैं चर्चा में ।  
चल रहा अभी काम ।।  
है बनता है हक ।  
हो रही पर देर ।।  
अंदर से आवाज उठी ।  
क्यों इतनी अंधेर ।।  
हास्यास्पद है स्थिति ।  
बिगड़ी ना पर बात ।।  
थी छोटी सी इच्छा ।  
ना हो वज्रपात ।।  
आएगी खुशखबरी ।  
है पर इंतजार ।।  
किधर से भी हो सकता ।  
जल्द चमत्कार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# जिंदादिल और आत्मनिर्भर बुजुर्गों की हंसी

**क्षमा शर्मा**

पिछले कुछ समय से स्विट्जरलैंड के शहर जिनेवा में हूं। बीमार पड़ी तो डाक्टर के पास जाना पड़ा। यहां भारत की तरह नहीं है कि जब चाहें डाक्टर से समय मिल जाए, बहुत समय लगता है अप्वाइंटमेंट मिलने में, लेकिन मैं किस्मत वाली थी। अगली दोपहर डाक्टर के पास बैठी थी। एक चीज जो बार-बार चकित होकर देख रही थी कि डाक्टर से मिलने बेहद बूढ़े स्त्री-पुरुष आ रहे थे। वे अकेले थे। उनके साथ कोई नहीं था। लेकिन इस बात की कोई चिंता दिखाई नहीं देती थी। उनकी चाल में बेहद मस्ती थी। वे झुककर भी नहीं चल रहे थे। वे सीधे चलते आते थे। और उनमें से कई तो निश्चय ही नब्बे साल या उससे ऊपर रहे होंगे। वे बैठते थे। फिर पास बैठे व्यक्ति से बातचीत में तल्लीन हो जाते थे। आपस में बातचीत करके बात-बात पर खिलखिला रहे थे। वे डाक्टर के पास से भी खुश-खुश निकल रहे थे। समझ में नहीं आ रहा था कि वे इतने खुश क्यों थे।

आखिर डाक्टर के पास आप किसी बीमारी को लेकर ही आते हैं, जिसके कारण चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन चिंता की जगह उनके चेहरे पर खुशी और हंसी दिखाई देती थी। शायद उसका कारण यह होगा कि वे सोचते हैं कि अगर कोई बीमारी है तो उसका इलाज भी है। और इलाज डाक्टर ही कर सकता है। बीमारी से डरने के मुकाबले उसका इलाज कराएं। फिर यहां उनके इलाज, उनके जीवन की जिम्मेदारी सरकार की होती है। सरकार अपने नागरिकों की सुख-सुविधा का पूरा ध्यान रखती है। इसके अलावा यह सोच भी है कि जीवन एक बार ही मिलता है। उसे ठीक तरह से जिया जाए। यहां चिकित्सा सुविधाएं भी बहुत अच्छी हैं। हर एक आदमी का चिकित्सा बीमा होना अनिवार्य है। इनके मुकाबले अपने देश पर नजर डालें। बीमार पड़ने पर हम अक्सर डाक्टरों के पास जाने से बचते हैं। बीमारी का इलाज कराने के मुकाबले हम सोचते हैं कि कैसे भी यह अपने आप ठीक हो जाए। पचास साल की उम्र में ही जैसे हम खुद को बूढ़ा मान लेते हैं और सोचते हैं कि अब गए कि तब गए। कुछ अधिक उम्र



होने से डाक्टर के पास जाने के लिए किसी सहारे की जरूरत तलाशते हैं। इसीलिए आप पाएंगे कि अस्पतालों में मरीजों से ज्यादा उनकी देखभाल करने वालों की भीड़ होती है। अस्पतालों में भी सारी भागदौड़ का काम अटेंडेंट के जिम्मे होता है। दस बार बुलाने जाएं तो नर्स आ पाती है। जिस अनुपात में मरीज हैं, उस अनुपात में चिकित्सा सुविधाएं बहुत कम हैं। किसी का इस ओर ध्यान भी नहीं जाता। बहुत से अस्पतालों में गंदगी भी बेशुमार है।

कई बार गलत इलाज की खबरें भी आती हैं। बहुत से लोग इलाज कराने इसलिए भी नहीं जा पाते कि उनके पास पर्याप्त साधन नहीं होते, जागरूकता भी नहीं होती। सरकारी अस्पतालों के अलावा प्राइवेट अस्पतालों का इलाज इतना महंगा है कि हो नहीं पाता। लोग बिल भरने की आर्थिक स्थिति में नहीं होते। इसका एक बड़ा कारण अपने देश की आबादी भी है। जिस पर वोटों की खातिर कोई सरकार नियंत्रण भी नहीं करना चाहती। इसीलिए संसाधन अगर उपलब्ध भी कराए जाएं तो वे लोगों तक ठीक से पहुंचते नहीं हैं।

संयुक्त परिवारों के बिखरने से हमारे यहां के बुजुर्गों की हालत दयनीय है। उनमें से बहुतों के पास भरण-पोषण के साधन नहीं हैं। परिवार होते हुए भी परिवार को उनकी परवाह नहीं है, तो वे इलाज कैसे कराएं। साधन कहां से जुटाए जाएं। एक अनुमान के अनुसार अपने यहां दस करोड़ बुजुर्ग बताए जाते हैं। इनके वोट तो सभी को चाहिए लेकिन इनकी दुरावस्था को ठीक करने की कोई योजना नहीं बनाई जाती। यहां के बुजुर्गों को देखती हूं और अपने यहां के बुजुर्गों के बारे में सोचती हूं, तो मन खिन्नता से भर उठता है। यहां के बुजुर्ग बेशक अकेले हैं मगर सरकार उनके साथ है। वे स्वाभिमान का जीवन जी सकते हैं। सही इलाज पा सकते हैं। वे अस्सी-नब्बे साल की उम्र में भी मॉल्स में ट्राली लेकर अपना सामान खरीदते नजर आते हैं। सड़कों पर दौड़ते दिखते हैं। कई जगह तो खेलते भी दिखाई देते हैं। इसमें बुजुर्ग महिलाएं भी पीछे नहीं रहतीं। हाल ही में एक परिचित ने बताया कि नब्बे साल की एक महिला ने ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट पास किया है। वे तमाम आयोजनों में युवाओं की तरह ही बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

दरअसल, उनके पास अपने देश वाला अनेक जन्मों का विचार नहीं है, इसलिए वे जीवन को भरपूर जीते हैं। जबकि हम जीवन को इसी भरोसे छोड़े रहते हैं कि इस जीवन में कुछ अच्छा नहीं है, तो अगले जीवन में होगा और इस जीवन में जो दुःख तकलीफें मिल रही हैं, वे पिछले जन्मों के पापों का परिणाम हैं। और भगवान की मर्जी के कारण ऐसा हो रहा है। शायद यही वजह कि जिनके पास सारे साधन मौजूद हैं, वे भी डाक्टरों के पास समय से नहीं जाना चाहते। वे डाक्टर से उम्मीद करते हैं कि वह उनके मन की बात करे। यानी कि कभी किसी बीमारी के होने की बात न बताए। जबकि डाक्टर का काम ही बीमारी को खोजना और उसका निदान करना है। अगर बीमारी खोजी ही नहीं जाएगी तो उसका इलाज कैसे होगा। कई लोगों को यह कहते सुना है कि डाक्टर के पास जाएंगे तो न जाने क्या निकाल दे। अरे, भाई निकलेगा, तो वही जो आपके शरीर में होगा। डाक्टर कोई अपने पास से तो कुछ नहीं निकाल देगा। अक्सर डाक्टर के पास हम तब जाते हैं, जब मर्ज बिगड़ चुका होता है। बेहतर है कि पहले ही चले जाएं जिससे न खुद तकलीफ पाएं और न दूसरों को दें। स्विट्जरलैंड के लोगों के बारे में बताया जाता है कि वे और कोई भी अप्वाइंटमेंट मिस कर सकते हैं मगर डाक्टर का अप्वाइंटमेंट कभी नहीं छोड़ते। इसका कारण यह है कि एक तो डाक्टर से टाइम देर से मिल पाता है, दूसरे वे हर हाल में स्वस्थ रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उनका जीवन खुद उनके ही भरोसे है। बीमारी के कारण मुझे पांच दिन के लिए अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा। वहां मेरे कमरे में एक बुजुर्ग महिला थीं। जिनके पांव में बहुत चोट लगी थी। दूसरी बीमारियां भी थीं मगर जो भी नर्स या अस्पताल का कोई भी कर्मचारी उनके पास आता वह सबके साथ मिलकर खूब खिलखिलाती थीं, जैसे कुछ हुआ ही न हो। उनकी उम्र भी नब्बे के आसपास रही होगी। वह अपने घर जल्दी से जल्दी जाना चाहती थीं क्योंकि उन्हें अपनी बिल्ली की याद आ रही थी। अपनी बिल्ली का फोटो भी उन्होंने लगाया हुआ था। वह पूरे समय हंसती थीं और मैं उनकी हंसी को सुन चकित होती थी। जबकि इतने दिनों में शायद ही उनका कोई नाते-रिश्तेदार मिलने आया होगा।

# संकट में संजीवनी बनती है छोटी-सी आशा

**रेनू सैनी**

जापान एक ऐसा देश है जिसने हर त्रासदी के बाद स्वयं को संभाला है। वर्ष 1945 में इसके दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका ने परमाणु बम गिराया था। वह बम इतना घातक था कि आगे आने वाली पीढ़ियों ने भी उसके दुष्परिणाम भुगते। अनेक कवियों और लेखकों ने उस त्रासदी को अपनी कलम से कलमबद्ध किया था। धर्मवीर भारती ने नाटक अंधायुग में निम्न शब्दों में विश्व को चेतावनी देते हुए मानो जापान की पीड़ा को स्वर दे दिया था :-

मैं हूं व्यास/ ज्ञात क्या तुम्हें है परिणाम इस ब्रह्मास्त्र का? यदि यह लक्ष्य सिद्ध हो ओ नर पशु!/ तो आने वाली सदियों तक पृथ्वी पर रसमय वनस्पति नहीं होगी/ शिशु होंगे पैदा विकलांग और कुंठाग्रस्त/ सारी मनुष्य जाति बौनी हो जाएगी।

इन शब्दों से युद्ध की भयावह विभीषिका को समझा जा सकता है। जापान पर जब परमाणु बम गिरे तो हर ओर त्राहि-त्राहि मच गई। उस समय मानो वहां सब कुछ खत्म-सा हो गया, सब थम-सा गया। लेकिन जापान एक ऐसा देश है जो कीबो के कारण हर पीड़ा और त्रासदी से बाहर निकलना जानता है। कीबो शब्द से आप को भी यही लग रहा होगा न कि भला यह कौन-सा चमत्कारी शब्द है जिससे हर दुख-दर्द और व्यथा से बाहर निकलना संभव है। कीबो शब्द जापानियों की देन है। इसका हिन्दी में अर्थ होता है, आशा की छोटी-सी किरण। आशा की एक छोटी-सी किरण भी घनघोर अंधकार को दूर कर देती है। आशा की एक छोटी-सी किरण संजीवनी बूटी का काम करती है। जिस व्यक्ति को यह मिल जाती है, उसे मानो नया जीवन प्राप्त हो जाता है।

आशा की किरण के संदर्भ में आज से ही नहीं अपितु सदियों से यह कहा जाता रहा है कि इससे व्यक्ति जाग्रत होकर नई मंजिलें और कामयाबी प्राप्त करता है। जब सब कुछ खत्म हो जाए लेकिन केवल आशा की एक नन्ही किरण हाथ में हो तो फिर से सब कुछ पाया जा सकता है। ग्रीक पुराकथाओं में इससे संबंधित एक रोचक कथा भी है। इस कथा का नाम पंडोरा बॉक्स है। इस कथा के अनुसार ज्यूस को प्रोमेथ्यूस पर गुस्सा आया कि उसने आग के रहस्य को मनुष्य को क्यों सौंप दिया? ज्यूस अब प्रोमेथ्यूस से बदला लेने की योजना बनाने लगा। एक दिन उसने उसके भाई एपीमेथ्यूस का परिचय बहुत ही सुंदर युवती पंडोरा से करा दिया।




कुछ ही दिनों में एपीमेथ्यूस पंडोरा के प्रेम में दीवाना हो गया। उसे पंडोरा के सिवा कुछ नजर ही न आता था। पंडोरा की नजरों से दूर होते ही वह बेचैन हो जाता। हर जगह उसे ऐसा प्रतीत होता कि मानो पंडोरा उसे मुस्करा कर देख रही है और अपने पास बुला रही है। आखिर जब एपीमेथ्यूस से पंडोरा का विरह बर्दाश्त होना मुश्किल हो गया तो उसने उससे विवाह का निश्चय किया। विवाह में ज्यूस भी उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आए। अब ज्यूस का प्रतिशोध मानो पूरा होने जा रहा था। उसने पंडोरा को एक सुंदर-सा बॉक्स देते हुए कहा कि, बस इसे अपने पास संभाल कर रखना। कभी खोलने का प्रयत्न न करना, अन्यथा अनर्थ हो जाएगा। पंडोरा ने मुस्करा कर वह बॉक्स ले लिया। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, वैसे-वैसे पंडोरा के मन में उस डिब्बे को लेकर कौतूहल बढ़ता जाता। लेकिन एपीमेथ्यूस के सामने वह उस बॉक्स को खोल नहीं पाती थी। एक दिन एपीमेथ्यसू किसी काम से बाहर जाने लगा। वह जाते-जाते पंडोरा को बोल कर गया, बॉक्स का ध्यान रखना और हां इसे खोलने का कतई प्रयास न करना। पंडोरा ने सहजता से सिर हिला दिया। लेकिन जैसे ही एपीमेथ्यूस घर से बाहर निकला, पंडोरा स्वयं पर काबू नहीं रख पाई। वह भागकर बॉक्स के पास गई। उसे उठाया और खोल दिया। पर यह क्या? बॉक्स खोलते ही ऐसी अकल्पनीय दुष्टता बाहर आई, जिसने हमेशा के लिए नश्वर संसार पर धावा बोल दिया। यह देखकर भय से पंडारा उसे बंद करने के लिए भागी, उसने देखा कि बॉक्स में सबसे नीचे, आशा की भावना एलपिस बची हुई थी। वही उस बॉक्स में एकमात्र अच्छी चीज थी, जो सबसे आखिर में बची रह गई। बस तभी से यह कहा जाने लगा कि, एक उम्मीद हमेशा रहती है। इसी एक उम्मीद को जापानी कीबो कहकर पुकारते हैं। द्वीप के प्राकृतिक संसाधनों एवं भूकंप व सुनामियों के लगातार बने रहने वाले संकट के बीच जापानियों को अनेक संकटों का सामना करना पड़ा। परंतु उन्होंने आशा की एक छोटी-सी किरण के सहारे ही हर संकट का सामना किया और उसे सफलतापूर्वक पार किया। वे हर पीड़ा और परेशानी से उबर कर इस तरह सामने आए कि मानो कोई समस्या थी ही नहीं। जापानी कीबो शब्द को बहुत ही प्रभावी मानते हैं। इसलिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के जापानी मॉड्यूल का नाम भी कीबो है। इसे अंतरिक्ष में प्रयोग करने के लिए तैयार किया गया। इसे जापान एरोस्पेस एक्सपलोरेशन एजेंसी ने तैयार किया था। आज भी यह कक्षा में है और विज्ञान को आशा देते हुए मानव की प्रगति में सहयोग दे रहा है। मनुष्य बहुत जल्दी मायूस हो जाता है और हार मान लेता है। इस बार मायूस होने या हार मानने से पहले एक बार कीबो को ध्यान रखें। यदि आप सदैव कीबो को साथ लेकर चलते हैं तो यकीन मानिएगा कि आप बड़ी से बड़ी जंग जीत सकते हैं।

# भारतीय संस्कृति व समाज में माता-पिता बुजुर्गों व पारिवारिक बंधनों, रिश्तों को महत्व व सम्मान देना सच्ची राष्ट्रभक्ति का एक रूप है

भारतीय शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है।हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी।माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीणसंस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषयवस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाणचलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज जरूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है।चूंकि माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन पर कहा कि माता-पिता का ख्याल रखें,शिक्षकों का सम्मान करें और बढ़ते वृद्धआश्रमों पर दुख व्यक्त किया है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है।वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या और तीर्थस्थानों में उम्रदराज भिखारियों की संख्या समाज के लिए लज्जाप्रद। साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में माता-पिता का ख्याल रखनें, सेवा करने व शिक्षकों का सम्मान करने की करें तो उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हमेशा अपने शिक्षकों, अपने राष्ट्र का सम्मान करें और अपने माता-पिता का ख्याल रखें। वृद्धाश्रमों की वृद्धि पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि हमारे देश में वृद्धाश्रमों की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारे समाज में पारिवारिक बंधनों और रिश्तों को महत्व दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे हमेशा अपने माता-पिता और बड़ों का ख्याल रखें, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो, उनका निवास स्थान कुछ भी हो, चाहे उन्होंने जीवन में कितना भी नाम, प्रसिद्धि और धन कमाया हो।उन्होंने आगे कहा कि भगवान की सच्ची भक्ति माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है। किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित करते हुए, उन्होंने कहा, एक पैराशूट तभी काम करता है जब वह खुला होता है। पैराशूट की तरह महान मस्तिष्क का होना किसी काम का नहीं है। यदि आप इसे गिरा देते हैं और नहीं खोलते हैं, तो आपको परिणाम भुगतना पड़ेगा।विफलता को सबसे बड़े शिक्षक और अंततः सफलता की पहली सीढ़ी के रूप में बताते हुए, उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे असफलता से कभी न डरें और कभी निराश न हों।किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित किया।

## प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरि महाराजजी के अमृत-महोत्सव सम्मान समारोह का मुंबई में आयोजन!

### 14 फरवरी को मुख्यमंत्री मा. एकनाथ शिंदेजी के द्वारा होगा सम्मान !




स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक एवं हिन्दू जनजागृति समिति के संयुक्त तत्त्वाधान में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरि महाराजजी के अमृत-महोत्सव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है । 14 फरवरी को दोपहर 4 बजे स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक, शिवाजी पार्क, दादर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री मा. श्री. एकनाथजी शिंदे के द्वारा प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरि महाराजजी का सम्मान किया जाएगा। इस समारोह के प्रमुख अतिथि के रूप में राज्य के शिक्षा मंत्री तथा मुंबई के संरक्षक मंत्री श्री. दीपक केसरकर, स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के कार्याध्यक्ष श्री. रणजित सावरकर, हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे, शिवसेना के सांसद श्री. राहुल शेवाळे, भाजपा के मुंबई प्रदेश अध्यक्ष विधायक श्री. आशिष शेलार, भाजपा के प्रवक्ता तथा विधायक श्री. अतुल भातखळकर, शिवसेना के विधायक श्री. भरतशेठ गोगावले, सुदर्शन न्यूज के प्रमुख संपादक श्री. सुरेश चव्हाणके, स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के मुंबई अध्यक्ष श्री. प्रवीण दीक्षित एवं अन्य मान्यवर उपस्थित रहेंगे, ऐसी जानकारी स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक एवं हिन्दू जनजागृति समिति के संयुक्त प्रसिद्धीपत्रक द्वारा दी गई है । 500 वर्षों पश्चात अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण में प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरीजी महाराज का बहुमूल्य योगदान रहा है । इतना ही नहीं 17 वर्ष की आयु से श्रीमद्भागवत, रामायण, महाभारत, ज्ञानेश्वरी, दासबोध, योगवसिष्ठ आदि द्वारा स्वामीजी ने जनशिक्षा का बडा कार्य किया है । कांची कामकोटी पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री जयेंद्र सरस्वतीजी ने स्वामीजी को परमहंस संन्यास की दीक्षा प्रदान की । स्वामीजी ने आळंदी (पुणे) में आश्रम स्थापित कर भावी पीढियों के लिए संत श्री ज्ञानेश्वर गुरुकुल, श्रीकृष्ण सेवानिधी न्यास, महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान आदि द्वारा राष्ट्र एवं धर्म का बडा कार्य चलाया है । उनके अमृत-महोत्सव सम्मान समारोह के निमित्त विविध क्षेत्र के मान्यवर आनेवाले हैं । इस समारोह में हिन्दू बंधुओं को बडी संख्या में उपस्थित रहने का आवाहन स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक एवं हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा किया गया है । इस समारोह की अधिक जानकारी के लिए 8080208958 पर संपर्क करें ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है महिलाएं समृद्ध हो : डा. संगीता बलवंत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तर पर आयोजित शक्ति वंदन अभियान में आज समाज व नारी कल्याण क्षेत्र में विभिन्न विशिष्ट कार्यों के लिए स्वयं सहायता समूह की बहनों के सम्मान तथा चाय पर चर्चा के एक दिवसीय आयोजन सभी विधानसभाओं में किया गया। आज गाजीपुर सदर ब्लाक परिसर में आयोजित सदर विधानसभा का शक्ति वंदन अभियान तथा सम्मान समारोह भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री डा संगीता बलवंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सम्मान के लिए लगातार संकल्पबद्ध होकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है



कि खामोश घुंघट में रहने वाली महिलाएं भी स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपने पैरों पर खड़ा हो कर आत्मनिर्भर बन सके इसके उन्होंने इसका पूरा पूरा प्रयास भी किया है। कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि वह किसी के आगे हाथ न फैलाएं बल्कि स्वयं की कमाई से अपना निजी खर्च तथा परिवार चलाने में समर्थ सक्षम बन सके। इसके लिए महिलाओं को घर से बाहर निकल कर काम करने का अवसर प्रदान किया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना राय ने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति के आर्थिक समृद्धि और सम्मान के लिए अतुलनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम महिलाओं के सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास है। जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण का लगातार प्रयास का परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूती के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को सरकार ने पहचाना है एवं उनके उत्थान के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस अवसर पर नारी शक्ति संवाद तथा महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एल ई डी टीवी के माध्यम से समुह के बहनों के साथ सीधा संवाद भी करेंगे। स्वयं सहायता समूह की कृष्णा भारती, सुनीता देवी आदि महिलाओं ने अपने अनुभव में बताया कि स्वयं सहायता समूह उनके जीवन में कैसे रोशनी ला रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक काशी नाथ तिवारी, खंड विकास अधिकारी, सुनीता सिंह, हिमांशु यादव,विनय कुशवाहा, राम जी बलवंत, संजय बिंद, विद्या गुप्ता आदि सैकड़ों समुहो की महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय राजभर ने किया।

## सकुशल संपन्न हुए हजरत शेखू शाह मज्जूब रहमतुल्लाह अलैह का 544वां उर्स मुबारक



जौनपुर। 1 शाबान 1445 हिजरी 12 फरवरी को शहर के ऐतिहासिक शाही पुल स्थित शेर की मस्जिद में उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया गया ,इस मौके पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष इमाम कारी जिया ने बताया कि जब शाही पुल की बुनियाद रखी जा रही थी तो उस जमाने में हजरत ने दुआ पढ़ पढ़ कर बुनियाद के पत्थरों को रखा था जिसकी बदौलत आज भी यह 500 सालों से शहर के मध्य में खड़ा है,आज हजरत का 544 वा उर्स मुबारक था यह उर्स इस्लामी हिजरी के अनुसार शाबान की पहली तारीख को मनाया जाता है, इस मौके पर नात व कव्वाली के माध्यम से एक अलग शमा बांधी गई दूर दूर से आए हुए जायरीनों (आस्थावान) ने हजरत के मजार पर पहुंचकर आस्था के अनुसार अपनी अपनी मुरादे मांगी ,इस मौके पर शहर व मुल्क में शांति व अमन की दुआ मांगी गई।मुख्य रूप से असलम अंसारी गुन्नू, अरशद आलम, रियाजुल हक, तौफीक अफजाल खान, इस्लाम खान, जावेद अजीम, सल्लू, खालिक, कलीम आदि लोग मौजूद रहे।

## एक सप्ताह बाद हुआ विधवा शिक्षिका हत्या कांड का खुलासा, प्रधान पति गिरफ्तार

दुल्लहपुर। गाजीपुर क्षेत्र के मलेठी गांव में एक सप्ताह पूर्व विधवा शिक्षिका श्वेता बारी की हत्या कांड में पुलिस ने एक सप्ताह बाद ग्राम प्रधान पति धनंजय प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए राहत की सांस ली। मालूम हो कि 6 फरवरी को घर से टहलने निकली विधवा शिक्षिका की लाश घर से 50 मीटर की दूरी पर मिली थी। घटना की रात ही पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी, तथा सीओ ने मौके पर पहुंच कर एसओ को हत्याकांड के जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे। इस क्रम में पुलिस ने दर्जनों लोगों को उठाकर हत्या के संबंध में पूछताछ की। पुलिस को सफलता सीडीआर तथा घटना के दिन अयोजित तिलक समारोह के वीडियो फुटेज केआधार पर मिला। जहां पुलिस ने शिक्षिका के मोबाइल पर हुई बातचीत के आधार पर गांव सहित बाहर के दर्जनों लोगों को उठाकर पूछताछ की। एक सप्ताह बाद हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने ग्राम प्रधान पति धनंजय प्रजापति को अभियुक्त बनाते हुए जेल भेज दिया। एक सप्ताह से पुलिस के लिए सर दर्द बना हत्याकांड में पुलिस ने रविवार की शाम प्रधान पति को मलेठी पोखरे के पास गिरफ्तार कर लिया तथा उसकी निशानदेही पर हत्याकांड में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस ने चाकू के अलावा एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस ने घटनाक्रम को विस्तार से बताया कि आठ माह पूर्व श्वेता बारी के पति सुनील बारी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। पहली बार श्वेता से प्रधान पति का सामना तब हुआ जब मृतका अपने पति का मृत्यु प्रमाण प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रधान से संपर्क की। तब ग्राम प्रधान ने श्वेता से कहा कि अपने ससुर के साथ जाकर प्रमाण पत्र बनवा लो। वहीं से बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। 4 जनवरी 2024 को प्रधानपति की बात शुरू हुई। जो हत्याकांड से पहले तक कुल 46 बार प्रधान पति तथा मृतका के बीच बात हुई। 23 बार लगातार ग्राम प्रधान द्वारा लंबी-लंबी समय तक बात की गई ग्राम प्रधान ने दो-तीन बार विधवा के साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात भी स्वीकार किया। पुलिस द्वारा पूछताछ के आधार पर बताया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा मृतका को आवासीय पट्टा तथा स्कूटी दिलाने व अयोध्या घूमाने का लालच दिया गया। मृतका बीस हजार रुपए भी आवास के लिए ग्राम प्रधान पति को दी थी। बार-बार फोन कर बात करना चाहती थी तब प्रधान उससे दूरी बनाने लगे थे तथा व्हाट्सएप को भी डिलीट कर देते थे। अपने को बेसहारा जान तथा प्रधान पति द्वारा आनाकानी करने पर मृतका ने मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी थी।

## देवकली स्वास्थ्य केंद्र पर लगा मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर 95 मरीजों ने लिया लाभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मानसिक बीमारी, जिसे मानसिक स्वास्थ्य विकार भी कहा जाता है, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संदर्भित करता है - विकार जो आपके मूड, सोच और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। मानसिक बीमारी के उदाहरणों में अवसाद, चिंता विकार, सिजोफ्रेनिया, खाने के विकार और व्यसनी व्यवहार शामिल हैं। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जनपद के सभी स्वास्थ्य केदो पर मानसिक रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके क्रम में सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली पर भी शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन देवकली भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने किया। इस चिकित्सा शिविर में



करीब 95 मरीज ने इसका लाभ उठाया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ एस के सरोज के द्वारा मानसिक रोगों के लक्षण एवम पहचान के बारे में आए हुए लोगो को विस्तृत रूप से बताया गया । तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर लगने वाले कैंपो के बारे में भी जानकारी दी गई। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिंह ने बताया की शासन के निदेर्शानुसार इस कैंप का आयोजन किया गया है। तथा इसका समुदाय में विस्तृत रूप से प्रचार प्रसार किया गया। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो का इलाज किया जा सके। वहीं चिकित्सा शिव में कुल 95 लोगों ने इसका लाभ उठाया। इस मौके पर एचईओ सुभाष सिंह यादव, एआरओ उदय भान सिंह , बीसीपीएम हैदर , चिकित्साधिकारी डॉ विशाल यादव, फेंकू सिंह यादव, अंकिता पांडे, ओम प्रकाश, इत्यादि मौजूद रहे।

## खान पान की बिगड़ी शैली ने बिगाड़ी बच्चों के दांतों की सेहत




प्रखर पूर्वांचल सहजनवां गोरखपुर। खानपान की बदलती शैली के कारण लोग आसन दातों की समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन लोगों को भी पता है जिनके सामने स्वादिष्ट भोजन हो लेकिन वह उसका आनंद नहीं ले पाते हो या फिर एक अच्छे गायक होने के बाद भी अपने स्वर लहरी से समाज को आनंदित नहीं कर पाता व एक अच्छा वक्त होने के बाद भी दांत न होने पर बेहतर भाषण नहीं दे पाता क्योंकि दांतों के अभाव में शब्द का उच्चारण नहीं कर पाते यह जानकारी डॉक्टर आशीष प्रताप मल्ल (पूर्वांचल इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंस व फाउंडर सीईओ मुक्त अभियान ) निशुल्क दंत चिकित्सा व चिकित्सा शिविर के दौरान स्वामी विवेकानंद एकेडमी सेमरा सहजनवॉ मे बताया । यह महाशिविर कैंसर जागरूपता कार्यशाला के दौरान आयोजन किया गया। इस महाशिविर में डाक्टर अर्चना मल्ल ने बच्चों के दाँतो के के बीमारियों के बारे मे लोगो के बताया व बच्चों को ब्रश तकनीकी की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रदीप गुप्ता ने किया व मिशन पायरिया मुक्त अभियान के तहत निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर की सराहना किया । शिविर में लगभग 227लोगों को निशुल्क जांच सलाह व दवा टूथपेस्ट वितरण किया गया । महाशिविर में विधालय प्रबंधक बृजेश सिंह , डेंटलहाइजिनषट नितिन कुमार, गगन सिंह राजपूत( इमोफारम) ,संदीप कुमार फार्मासिस्ट, शिवम श्रीवास्तव ( वारेन ) व शिक्षकगण , विद्यालय परिवार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी परिषद की एक दिवसीय जिला समीक्षा योजना बैठक संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजीपुर के एक दिवसीय जिला समीक्षा योजना बैठक दो सत्रों में होटल अतिथि कॉन्टिनेंटल गाजीपुर में सम्पन्न हुई। इसमें गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमे राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, समरसता, सदस्यता, जिला अभ्यास वर्ग, मिशन साहसी, पर्यावरण, सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में सह प्रांत मंत्री नमन श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हर वर्ष अपने किए गए कार्यों की समीक्षा करता है उन समीक्षा के आधार पर अगले वर्ष की योजना बनाता है। बैठक में आगे परिसर चलो अभियान को लेकर बृहद रूप से चर्चा हुई जिसमें परिसर और ग्रामीण क्षेत्रों में संगोष्ठी एवं चौपाल के माध्यम से छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों से अपने बच्चो को कॉलेज कैंपस जाने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रांत उपाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आज विद्यार्थियों को कॉलेज कैंपस जाने की अति आवश्यकता है कॉलेज कैंपस जाने से व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण होता है।विभाग संगठन मंत्री विपुल ने कहा की आने वाले वर्षों में हम अपने आयाम कार्यों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों जागरूक करेंगे।

## आज के डिजिटल युग में बहुत जरूरी है कंप्यूटर की शिक्षा : पूनम मौर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष

वाराणसी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में मुख्य ट्रस्टी रितु पटवारी की नेतृत्व में अवादा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह पटेल, एबीएसए प्रतिनिधि अरविंद सिंह भाई जी,स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत दीप प्रज्वलन कर किया ,उसके उपरांत अतिथियों ने अवादा फाउंडेशन द्वारा कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए आदर्श गांव नागपुर में अवादा फाउंडेशन द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की ` समारोह में आए हुए सभी अतिथियों को अवादा फाउंडेशन द्वारा अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, अवादा फाउंडेशन की संयोजक डॉ छवि अंकिता ने बताया कि गांव के बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा के लिए कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर में 25 कंप्यूटर लगाए गए हैं जिसमे कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के बच्चे निःशुल्क कम्प्यूटर की शिक्षा लेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया,इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रवीण सिंह गौतम जिला महामंत्री भाजपा, ग्राम प्रधान मुकेश पटेल, पूर्व प्रधान नारायण सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, दीपक कुमार जेना, चंद्रपाल सिंह, संदेश, संतोष, राहुल, संजीव सिंह, अनवर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## आईटीएम गीड़ा की छात्रा का डिप्टी जेलर के पद पर हुआ चयन

गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर मे संस्थान की पूर्व छात्रा एवं पीसीएस -2023 मे डिप्टी जेलर के पद पर चयनित निमिषा भारद्वाज का संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलम सभागार मे प्रबंधतंत्र एवं संस्थान के निदेशक द्वारा स्वागत किया गया ` इस अवसर पर निमिषा के माता -पिता भी उपस्थित थे` वर्तमान समय मे निमिषा भारद्वाज अधिशाषी अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं` संस्थान मे आयोजित स्वागत समारोह मे छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करने से ही केवल सफलता प्राप्त किया जा सकता हैं, सफलता प्राप्त करने का कोई दूसरा रास्ता नही हैं` सबसे पहले आप अपने लक्ष्य को निर्धारित करे उसके बाद लगातार उसको प्राप्त करने के लिए कार्य करे एक दिन निश्चित रूप से आप लक्ष्य को प्राप्त करने मे सफल होंगे` आपको जीवन मे कठिन परिश्रम करना



होगा क्यूंकि बिना परिश्रम के आपको कुछ भी नही मिलेगा`

संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि ऐसे होनहार छात्रों कि सफलता से संस्थान का नाम भी देश और प्रदेश स्तर पर ऊँचा होता हैं और संस्थान के सभी लोग भी गौरवान्वित महसूस करते हैं` इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, डॉ आर पी सिंह, डॉ आर एल श्रीवास्तव, दीप्ति डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ संत प्रसाद, डॉ खालिद हसन, डॉ मनोज कुमार मिश्र, दीप्ति ओझा उमेश गुप्ता, बृजेंद्र सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्रा- छात्राएं मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब बनारस द्वारा बनारस चैरिटेबल ब्लड सेंटर सिगरा में किया गया रक्तदान, रक्तदान लिए किया जागरूक

वाराणसी। रोटरी क्लब बनारस ने बनारस चैरिटेबल ब्लड सेंटर सिगरा (भारत माता मंदिर के पास) में रक्तदान का कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नारायण सिंह बग्गा के नेतृत्व में किया` कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन अनिकेश चंद्र गुप्ता थे ,क्लब अध्यक्ष ने आये हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया और रक्तदान करने के लिए सबको जागरूक किया



और बताया कि रक्तदान से समाज के भले के साथ आपका अपना शरीर भी स्वस्थ रहता है इसलिए नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंदों का भला करें` इस अवसर पर कुल 15 यूनिट रक्तदान किया गया सभी रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट भी दिया गया। शिविर में सचिव रो रूपेश शर्मा, रो.नीरज अग्रवाल, रो.विजय जायसवाल,रो.अजय केजरीवाल, रो.सुनील पारिख, रो.कपिल सलूजा, रो.राम नारायण यादव,रो. आलोक पारिख,रो.डॉ कर्मराज सिंह, रो.जितेन्द्र तिवारी, रो.राजेश गुप्ता तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुल्लहपुर पुलिस ने किया हत्या का आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गाजीपुर व क्षेत्राधिकारी भुडकुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 06 फरवरी 24 को थाना स्थानीय पर मृतका श्वेता बारी पत्नी स्व० सुनील बारी निवासी ग्राम मलेठी थाना दुल्लहपुर जिला गाजीपुर की चाकू मारकर हुई हत्या के सम्बंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 17/2024 धारा 302 आईपीसी से सम्बन्धित प्रकाश में आया अभियुक्त धनन्जय प्रजापति पुत्र स्व० बोधा प्रजापति नि० मलेठी थाना दुल्लहपुर गाजीपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू बरामद कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अशोक कुमार मिश्र, कांस्टेबल रोहित सिंह, कांस्टेबल अमन निर्मल शामिल रहे।

### स्वामी सहजानंद पीजी कालेज कंप्यूटर विभाग को मिला गूगल प्रमाणपत्र



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर पूर्वांचल इंस्टिट्यूट ऑफ आईटी, कंप्यूटर विभाग के स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में विभागाध्यक्ष के रूप में काम करने शिक्षक धमेंद्र कुमार सिंह को गूगल के द्वारा एडुकेटर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया ' गाजीपुर जैसे छोटे जिले मे इस तरह का सम्मान पाने वाले प्रथम शिक्षक है जिससे उनकी कार्य क्षमता एवं तकनीकी योग्यता का पता चलता है ' गूगल जो विश्व की सबसे बड़ी आईटी कम्पनी है जो अपनी परीक्षाएं पूरे दुनिया मे आयोजित करता जिसको पास करने के लिए न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक का होना अनिवार्य है' इस परीक्षा को पास करके श्री सिंह ने इस जिले का मान एवं सम्मान बढ़ाया है। कंप्यूटर विभाग द्वारा सम्मान समारोह मे प्राचार्य स्वामी सहजानंद विजय राय ने उक्त शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा की यह हमारे कॉलेज के लिए गौरव का विषय है की श्री सिंह जैसे लोग कंप्यूटर की शिक्षा हमारे कॉलेज मे दे रहें है ' इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से डॉ अजय राय, डॉ संजय राय, डॉ विलोक सिंह, सत्येंद्र राय, समीर राय एवं अन्यसम्मानित लोग उपस्थित रहें।

### भगवान राम के पोस्टर को रौदने वाले के खिलाफ क्षत्रीय महासभा अध्यक्ष ने दी तहरीर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा गाजीपुर के युवा जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार सिंह अपने कार्यकताओं के साथ थाना नंदगंज पहुंचे जहां पर थाना प्रभारी से मिलकर एक पत्रक सोप इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रदीप राम पुत्र राम जन्म राम ग्राम सभा कुसमी कला थाना नंदगंज का निवासी है जिसने पिछले दिनों भगवान श्री राम का पोस्टर फाड़ कर अपने पैरों से कुचलते एवं पैरों से रौंदते हुए वीडियो बनाकर अपने आईडी से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया है जिससे उसकी मंशा स्पष्ट होती है कि यह कृत समाज में विद्वेष फैलाने एवं समाज की माहौल को खराब करने के लिए किया गया है यह लड़का कहीं ना कहीं भीम आर्मी एवं ईसाई



मिशनरी से जुड़ा हुआ है एवं ईसाई धर्म का प्रसार प्रसार भी करता है इस कृत से करोड़ सनातनियों का अपमान करने का कार्य किया है चुकीं श्री राम प्रभु हमारे आराध्य देव हैं और उनका अपमान क्षत्रिय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा इसलिए इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल उसके ऊपर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर विधिपूर्वक कार्रवाई की जाए अन्यथा क्षत्रिय समाज एवं संगठन के लोग आंदोलन के लिए बात होंगे तथा अपने प्रभु श्री राम के सम्मान में कानून को भी हाथ में लेने के लिए पीछे नहीं हटेंगे इस मौके पर नितेश सिंह धनंजय सिंह शुभम सिंह चंदन एवं रमेश आदि लोगों उपस्थित रहे।

### भाजपा गरीबों के हितों की अनदेखी कर पूजीपति घरानों को पहुंचा रही लाभ : त्रिवेणी राम



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर दिनांक 26 जनवरी से चल रहे पीडीए पखवाड़े के तहत जखनियां विधान सभा के जफरपुर गांव में जनपंचायत का आयोजन किया गया। इस जनपंचायत को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक त्रिवेणी राम ने कहा कि इस देश की सरकार को पूंजीपति चला रहे हैं। भाजपा सरकार गरीबों के हितों की अनदेखी और चंद पूंजीपति घरानों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही और जनविरोधी नीतियों से देश तंग है। लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते पूरा देश खुन के आंसू रो रहा है। यह सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से काम कर रही है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश के लोकतंत्र और संविधान का लगातार मजाक उड़ा रही है। देश के धर्म निरपेक्ष स्वरूप ,गंगा जमुनी तहजीब और सामाजिक और साम्प्रदायिक सद्भाव को खत्म कर भाजपा सरकार देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के तानाशाह हुक्मरान विरोधी दलों को कमजोर करना चाहते हैं। यह सरकार अपने विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार की संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक सोच के चलते देश में आपसी भाईचारा, सौहार्द और देश की गंगा जमुनी तहजीब और सांझी विरासत की संस्कृति को नुक्सान पहुंचा है । उन्होंने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समाजवाद की रक्षा तथा नफरत की सियासत को खत्म करने के लिए भाजपा सरकार का खात्मा जरूरी है । इस जनपंचायत में मुख्य रूप से विधानसभाध्यक्ष अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, आमिर अली, रामबचन यादव, साहब यादव, यमुना यादव, जयराम यादव,रामलच्छन यादव आदि उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर से कुचलने से व्यक्ति की मौत

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। वाराणसी शहर में आये दिन कहीं न कहीं नौसिखिये ट्रैक्टर चालक निर्दोष लोगों की जान ले रहे इसी क्रम में मंडुवाडीह तिराहे पर सोमवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से शिवपुरवा निवासी साइकिल सवार विमलेश कुमार 38 वर्ष की मौत हो गई,मौके से ट्रैक्टर चालक भाग निकला। मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरवा थाना सिगरा निवासी विमलेश लोहता स्थित एक गैस एजेंसी में ट्रॉली चालक था और रोजाना की भांति वह लोहता डयूटी पर जा रहा था अभी वह मंडुवाडीह थाने के कुछ कदम दूर ही पहुँचा था कि पीछे से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर गैस एजेंसी के मजदूर व परिजन घटनास्थल पर पहुँच गए और ट्रैक्टर व चालक को चिन्हित कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंडुवाडीह थाने के समीप चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुचे थाना प्रभारी भरत उपाध्याय ने लोगों को समझाबुझाकर सड़क से हटाया।

## इस्तांबुल में चुनावी सभा में गोलीबारी, एक घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल शहर के आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार अभियान के दौरान हमलावरों ने एक कार्यक्रम में गोलीबारी की जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है। तुर्की की अर्द्धसरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू ने यह जानकारी दी। अनाडोलू की खबर के मुताबिक शनिवार को यह हमला तब हुआ जब जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी या एकेपी के इस्तांबुल के कुकुकसेकेमेस जिले से महापौर उम्मीदवार अजीज येनिया एक महासंघ का दौरा कर रहे थे।

## प्रतापगढ़: ब्लूटूथ से नकल करता पकड़ा गया नकलची

**प्रतापगढ़।** जिले में रविवार को आरओ, एआरओ परीक्षा में राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज से एक अभ्यर्थी प्रवीण कुमार पटेल को ब्लू टूथ डिवाइस के साथ नकल करते हुए पकड़ा गया। प्रताप गढ़ के 35 केंद्रो पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा साढ़े नौ बजे शुरू हुई, लालगंज तहसील के राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पकड़े गए अभ्यर्थी प्रवीण कुमार के पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल सिम सहित तमाम उपकरण भी बरामद किया गया है।

## हंगरी की राष्ट्रपति ने टीवी पर ऑनलाइव दिया इस्तीफा

**बुडापेस्ट।** हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने बच्चों के यौन शोषण के मामले में दोषी शख्स की सजा माफ करने पर खेद जताते हुए इस्तीफा दे दिया है। पिछले हफ्ते यह बात सामने आई कि राष्ट्रपति नोवाक ने ऐसे शख्स की सजा माफ की थी, जिसने बच्चों पर यह दबाव डाला था कि वो सरकारी बालगृह के निदेशक पर लगाए यौन शोषण के आरोपों को वापस ले लें। उनके इस फैसले को लेकर हंगरी में सतत विरोध बढ़ रहा था और उनके इस्तीफे की मांग की जा रही थी।

## गुरुकुल स्कूल के छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सूर्यापेट।** तेलंगाना में सूर्यापेट जिले के इमामपेट में गुरुकुल स्कूल की 17 वर्षीय छात्रा की शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सूर्यापेट शहर के इंदिरम्मा कॉलोनी की छात्रा इमामपेट स्थित गुरुकुल स्कूल में इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। उसने शनिवार शाम को फ्रेशर्स डे सेलिब्रेशन में हिस्सा लिया। रात करीब 10 बजे हॉस्टल वार्डन ने छात्रा के माता-पिता को फोन कर उन्हें उसकी बिगड़ती सेहत की जानकारी दी।

## जेल प्रहरी ने रिवॉल्वर से गोली मार की खुदकुशी

**झुंझुनू।** जिला जेल में तैनात मुख्य जेल प्रहरी हेड कॉन्स्टेबल ने रविवार को रिवॉल्वर से अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना प्रभारी राम मनोहर ढोलिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेल में मुख्य जेल प्रहरी कृष्ण कुमार (45) ने खुद के सिर में रिवॉल्वर से गोली मार ली है। जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। शव को बीडीके हॉस्पिटल लाए। जहां पीएमकराया जाएगा।

## 10 लाख लोगों को मंगल ग्रह पर शिफ्ट करेंगे मस्क

**नई दिल्ली।** अरबपति एलन मस्क ने रविवार को दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर शिफ्ट करने की योजना की घोषणा की है। मस्क ने एक्स डॉट कॉम पर पोस्ट में लिखा कि हम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने के लिए एक गेम प्लान तैयार कर रहे हैं। स्टारशिप अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट है, जो हमें मंगल तक ले जाएगा। मस्क ने कहा कि एक दिन, मंगल ग्रह की यात्रा पूरे देश में एक उड़ान की तरह होगी। उन्होंने उन यूजर्स को दिया जिन्होंने लाल ग्रह पर स्टारशिप के लॉन्च के बारे में पूछा था। मस्क ने बीते हफ्ते कहा था कि स्टारशिप को 5 साल से कम समय में चंद्रमा पर पहुंचने में सक्षम होना चाहिए।

## आज का इतिहास

- 1502: वास्को द गामा भारत की दूसरी यात्रा के लिए अपने जहाज में लिस्बन से रवाना हुआ।
- 1689: विलियम और मेरी इंग्लैंड के राजा तथा रानी घोषित किये गए।
- 1736: नादिरशाह फ्रांस का शासक बना।
- 1762: ब्रिटेन की नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्ज़ा किया।
- 1809: ब्रिटिश वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन का जन्म।
- 1818: दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
- 1824: आर्य समाज के प्रवर्तक और प्रखर सुधारवादी संन्यासी दयानंद सरस्वती का जन्म।
- 1882: नीदरलैंड के एमेस्टरडम में सोशल डेमोक्रेटिक संघ की स्थापना।
- 1885: जर्मन ईस्ट अफ्रीका कम्पनी का गठन हुआ।

# दिल्ली कूच पर अड़े किसान, पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील, सात जिलों में इंटरनेट बंद

### सिंघु-टिकरी पर बैरिकेडिंग, सिरसा में दो टेंपरेरी जेलें बनाई गई, चंडीगढ़ में धारा 144 लागू



● अंबाला

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 13 फरवरी को दिल्ली कूच से पहले हरियाणा और पंजाब के शंभू, खनौरी समेत सभी बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर भी सीमेंट के बैरिकेड लगा दिए गए हैं।

पंजाब से आने वाले किसानों को रोकने के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर और फतेहाबाद में बैरिकेड्स और लोहे की कीलें लगा दी गई हैं। हरियाणा के सात जिलों में रविवार सुबह 6 बजे से मोबाइल इंटरनेट, डोंगल और बल्क एसएमएस बंद कर दिए गए हैं। यह रोक अंबाला, हिसार, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, फतेहाबाद और पुलिस जिला डबवाली समेत सिरसा जिले रहेगी।

यह आदेश 13 फरवरी की रात 12 बजे तक लागू रहेंगे। हरियाणा के सोनीपत, झज्जर, पंचकूला, अंबाला, कैथल, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और जींद समेत 12 जिलों में धारा 144 लागू की गई है। इसके साथ पंजाब और दिल्ली के रूट भी डायवर्ट कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने पैरामिलिट्री की 64 कंपनियों को हरियाणा भेज दिया है। जिनमें बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं।

### अब तक क्या हुआ

- किसानों से निपटने के लिए हरियाणा के सिरसा के चौधरी दलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम और गुरू गोबिंद सिंह स्टेडियम, सिरसा रोड, डबवाली में 2 टेंपरेरी जेलें बना दी गई हैं।
- चंडीगढ़ में भी धारा 144 लगा दी गई है। जुलूस प्रदर्शन के साथ ट्रैक्टर रैली निकालने पर भी खास रोक लगाई गई है।
- दिल्ली के गाजीपुर से सटे बॉर्डर के इलाके में दिल्ली पुलिस ने धारा 144 लगा दी है। यहां से यूपी के किसान एंट्री कर सकते हैं।
- सोनीपत में पेट्रोल पंप संचालकों को डीसी ने आदेश दिए कि किसी भी ट्रैक्टर में 10 लीटर से ज्यादा डीजल न डालें।
- पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। जिनकी रेंज 40 मीटर है। इनकी डायरेक्शन पंजाब की तरफ होगी।
- किसानों को रोकने के लिए क्रस्त्र ने भी मोर्चा संभाल लिया है। शंभू बॉर्डर पर लोहे की कीलें जड़ने के साथ-साथ कंटीली तारें लगा दी गई है।
- हरियाणा में एसकेएम नेता जगजीत डल्लेवाल और किसान-मजदूर मोर्चा के सरवण सिंह पंधेर ने नेटबंदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों को उकसाया जा रहा है।
- केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच चंडीगढ़ में 12 फरवरी शाम 5 बजे दोबारा बैठक होगी।

### पीटीआई के 300 कार्यकर्ताओं को सेना ने किया गिरफ्तार

# पाक चुनाव: नवाज के होने लगे इमरान समर्थक निर्दलीय विजेता

● कराची



पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के 67 घंटों बाद सभी सीटों पर वोटों की गिनती पूरी हो गई है। हालांकि, अब तक चुनाव आयोग ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। नतीजों में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। इमरान खान के समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार 93 सीटों के साथ सबसे आगे हैं। नवाज की पार्टी 75 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर है।

जेल में कैद इमरान की पीटीआई और बिलावल की पीपीपी ने कई सीटों पर धांधली के आरोप लगाए थे। पाक की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिए गए हैं, जबकि एक सीट एनए-88 के नतीजों को खारिज कर दिया गया है। यहां 15 फरवरी को फिर से वोटिंग होगी। बाकी 70 सीटें रिजर्व हैं। सरकार बनाने के लिए 134 सीटों पर बहुमत जरूरी है। वहीं दूसरी और पाक सेना द्वारा इमरान की पार्टी के 300 समर्थकों को गिरफ्तार किया गया।

पाकिस्तान में मुख्य रूप से तीन खास पार्टियों के बीच मुकाबला है। इनमें पीएमएल-एन, पीटीआई और पीपीपी शामिल हैं। पाकिस्तान की सभी 264 सीटों पर नतीजों की घोषणा हुई। इससे पहले इमरान समर्थक 100 सीटों पर जीते बताए गए थे। पाक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से 92 लोग ही इमरान की पीटीआई से जुड़े हैं।

### जरदारी-बिलावल से मिलने पहुंचे शाहबाज

पीएमएल-एन के प्रेसिडेंट शाहबाज शरीफ आसिफ अली जरदारी और बिलावल भुट्टो से मिलने लाहौर के बिलावल हाउस पहुंचे हैं। इस दौरान नई सरकार बनाने पर बातचीत होगी। शाहबाज के साथ पीएमएल-एन का डेलिगेशन है। इसमें आजम नजीर तराड़, अयाज सादिक, अहसन इकबाल, राना तनवीर, ख्वाजा साद रफीक, मलिक अहमद खान, मरियम औरंगजेब और शाजिया फातिमा शामिल हैं। पीपीपी नेताओं ने शाहबाज और डेलिगेशन से कहा है कि वो सोमवार को सेंट्रल एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग के बाद इस बारे में कोई जवाब देंगे। जियो न्यूज के मुताबिक- आसिफ अली जरदारी और उनके बेटे बिलावल इस्लामाबाद से लाहौर जा रहे हैं। यहां वो पीएमएल-एन की लीडरशिप और खासतौर पर नवाज शरीफ से मिलेंगे।

### पीटीआई के समर्थन से जीते कादिर अब नवाज के साथ

इमरान की पार्टी पीटीआई के समर्थन से लाहौर की एनए-121 सीट पर जीत दर्ज करने वाले वसीम कादिर ने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन में शामिल होने का ऐलान किया। कादिर ने कहा- मैं अपने घर वापस आ गया हूं। कादिर को पंजाब प्रांत में इमरान की पार्टी पीटीआई का बड़ा नेता माना जाता है।

### मेहर बानो बोलीं- इमरान की वजह से जीते

चुनाव जीतने के बाद पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की बेटी और पीटीआई नेता मेहर बानो ने कहा- सभी निर्दलीय इमरान की वजह से चुनाव जीते हैं। लिहाजा, उन्हें पाला नहीं बदलना चाहिए।

### ऐसे सरकार बना सकते हैं नवाज शरीफ

नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग के पास 73 सीट हैं और बिलावल भुट्टो की पीपीपी के खाते में 54 सीट हैं। इन दोनों पार्टियों का गठबंधन होने पर भी के बाद भी बहुमत के आंकड़े से 6 सीट कम है। हालांकि, इमरान के समर्थन वाले सभी उम्मीदवारों ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। ऐसे में उनका समर्थन हासिल कर नवाज सरकार बना सकते हैं। अंत में प्रधानमंत्री बनने के लिए नवाज को सदन में मौजूद 336 सांसदों में से 169 सांसदों का समर्थन हासिल करना होगा। इसके लिए उन्हें कुछ निर्दलीय सांसदों के वोट की जरूरत होगी, क्योंकि 70 आरक्षित सीटों में से अधिकतर सीटें हासिल करने पर भी वह 169 सांसदों के आंकड़े से दूर रहेंगे।

# राम और राष्ट्र पर कभी भी समझौता नहीं करेंगे

**गाजियाबाद।** आचार्य प्रमोद कृष्णम् को कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कृष्णम् ने रविवार को संभल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांग्रेस पर हमला बोला।



**कृष्णम् बोले-क्या कांग्रेस में रहने के लिए चमचागिरी जरूरी ?**

उन्होंने कहा कि मुझे शनिवार रात जानकारी मिली की कांग्रेस पार्टी ने एक चिट्ठी जारी की है। जिसमें कहा है कि पार्टी विरोधी एक्टिविटी के कारण मुझे 6 साल के लिए निष्कासित दिया। सबसे पहले मैं कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी किया। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस में रहने के लिए चमचागिरी जरूरी?उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा, राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता। माना जा रहा है कि वे संभल से चुनाव लड़ सकते हैं। बता दें कि प्रमोद कृष्णम लगातार सार्वजनिक मंचों पर खुलकर राहुल गांधी का विरोध करते थे और प्रियंका गांधी का पक्ष लेते थे। उनकी मांग थी कि कांग्रेस की कमान प्रियंका के हाथों में दी जानी चाहिए, तभी पार्टी का कायाकल्प संभव है। बीते कुछ दिनों से वह भाजपा के प्रति सहानुभूति भी दिखा रहे थे।

# गृहमंत्री अमित शाह बोले, भाजपा जेडीएस गठबंधन पर संदेह न करें



**दी चेतावनी, बेमेल बोल ही परेशानी का कारण बनते हैं**

**मैसुरु।** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कर्नाटक में भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और जद-एस गठबंधन पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेताओं को चेतावनी दी। शाह ने कहा कि जेडीएस और बीजेपी गठबंधन पर किसी को संदेह नहीं करना चाहिए। 2019 में ऐसे ही असंगत शब्दों के कारण कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की हार हुई थी।

शाह ने नेताओं को हिदायत देते कहा कि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि बेमेल बोल ही गठबंधन के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। कोई भी ऐसा बयान न दें जिससे गठबंधन खतरे में पड़े। इससे पहले उन्होंने वरुणा के सुत्तूर में जात्रा महोत्सव में हिस्सा लिया। जहां उन्होंने जगद्गुरु शिवरात्रिश्वर शिवयोगी गाडुगे की विशेष पूजा की। उन्होंने चामुंडी हिल्स पहुंचकर देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। भाजपा और जद-एस के सीट शेयरिंग पर भी चर्चा कर्नाटक भाजपा प्रमुख बी वाई विजयेंद्र ने कहा कि बैठक में मैसूरु, मांड्या, हासन और चामराजनगर लोकसभा क्षेत्रों के 120 नेताओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंत्री नारायण गौड़ा शामिल हुए।

# हल्द्वानी में 25 और लोग गिरफ्तार मुख्य आरोपी मलिक की तलाश जारी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में तीन दिन पहले हिंसा भड़काने के आरोप में पिछले 24 घंटे में 25 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की तलाश अभी जारी है।

नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद मीणा ने रविवार को बताया कि इस घटना के सिलसिले में अब तक 30 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आठ फरवरी को हुई घटना के सिलसिले में पांच लोगों को पहले गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की तलाश अभी जारी है। इससे पूर्व, पुलिस सूत्रों ने बताया था कि मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है और उसे हल्द्वानी लाया जा रहा है। उधर, सीएम पुष्कर सिह धामी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई सतत जारी है और सभी दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी साफ किया कि प्रदेश में अतिक्रमण के खिलाफ चल रहा अभियान जारी रहेगा।

# महर्षि दयानंद वैदिक ऋषि ही नहीं बल्कि राष्ट्र ऋषि भी थे

**स्वामी जी की 200वीं जयंती पर पीएम मोदी बोले**

**मोरबी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर गुजरात के मोरबी में स्वामी दयानंद की जन्मस्थली टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को वीसी के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि 'महर्षि दयानंद केवल वैदिक ऋषि ही नहीं बल्कि राष्ट्र ऋषि भी थे।' श्री मोदी ने संबोधन में स्वामी जी के योगदान का सम्मान करने और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आर्य समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने पर खुशी व्यक्त की। पिछले साल इस महोत्सव के उद्घाटन में भागीदारी पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'जब ऐसी महान आत्मा का योगदान इतना असाधारण है तो उनसे जुड़े उत्सवों का व्यापक होना स्वाभाविक है।

# उत्तर प्रदेश कैबिनेट और राजग गठबंधन सहयोगियों ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनके मंत्रिमण्डल एवं सहयोगियों तथा राजग गठबंधन के साथ रविवार को श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी पूरी कैबिनेट एवं विधायकों एवं राजग गठबंधन के साथ श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर के हो रहे निर्माण में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। यह पहला मौका है जब पूरी योगी कैबिनेट ने रामलला का दर्शन और पूजन किया। इस दौरान सभी मंत्री और विधायक बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आये।

जय श्रीराम के नारे बराबर लगाये जा रहे थे। मंत्रिमण्डल के सदस्यों तथा विधायकों ने श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य बन रहे राम मंदिर निर्माण का भी बड़ी बारीकी से अवलोकन किया और घूम-घूम कर देखा भी। इस अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने मंत्रिमण्डल के मंत्रियों और विधायकों को ले जा करके पूरे मंदिर का भ्रमण कराया।

Filmiतड़का

# रामचरण को लेकर नई फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं।

संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में राम चरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है।

सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले राम चरण से संपर्क किया है। राम चरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है।

# बहुमुखी प्रतिभा के जरिये कमाल ने दर्शकों के दिलों पर किया राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में कमाल अमरोही को ऐसी शख्सियत के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने बेहतरीन गीतकार, पटकथा और संवाद लेखक तथा फिल्म निर्माता एवं निर्देशक के रूप में दर्शकों के दिलों पर राज किया। 17 जनवरी 1918 को उप्र के अमरोहा में जमींदार परिवार में जन्मे कमाल अमरोही मूल नाम (मूल नाम सैयद आमिर हैदर कमाल) शुरुआती दौर में एक उर्दू समाचार पत्र में नियमित रूप से स्तम्भ लिखा करते थे।



अखबार में कुछ समय तक काम करने के बाद उनका मन उचाट होने लगा और वह कलकत्ता चले गए और फिर वहां से मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर कमाल अमरोही को मिनर्वा मूवीटोन की निर्मित कुछ फिल्मों में संवाद लेखन का काम मिला। इनमें जेलर, पुकार और भरोसा जैसी फिल्में शामिल थीं, इन सबके बावजूद कमाल अमरोही को वह पहचान नहीं मिल पायी, जिसके लिए वह मुंबई आए थे। अपने वजूद तलाशते कमाल अमरोही अपनी पहचान बनाने के लिए 10 वर्ष तक फिल्म इंडस्ट्री मे संघर्ष करना पड़ा। उनका सितारा 1949 में प्रदर्शित अशोक कुमार की निर्मित क्लासिक फिल्म महल से चमका। अशोक कुमार ने कमाल अमरोही को फिल्म महल के निर्देशन का जिम्मा दिया। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी महल की कामयाबी ने न सिर्फ पार्श्वगायिका लता मंगेशकर के सिने करियर को सही दिशा दी बल्कि फिल्म की नायिका मधुबाला को स्टार के रूप में स्थापित कर दिया।

# चुनाव आयोग ने सिंबल छीना, पार्टी भी दूसरे को दे दी



**अजित गुट को असली एनसीपी बताने पर बोले शरद पवार**

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार ने एनसीपी के पार्टी सिंबल को अजित गुट को सौंपने के चुनाव आयोग के फैसले पर हैरानी जताई है। उन्होंने रविवार को पुणे में एक इवेंट में कहा- आयोग ने न केवल सिंबल छीना है, बल्कि हमारी पार्टी भी दूसरे को दे दी है। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि जिसने पार्टी की स्थापना की, उसके हाथ से पार्टी लेकर किसी और को सौंपी गई।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा था अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है। 6 महीने तक चली 10 सुनवाई के बाद पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न घड़ी अजित गुट को दे दिया गया था। इसके बाद आयोग ने शरद पवार के गुट के लिए एनसीपी शरद चंद्र पवार नाम दिया था। चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग चुनाव आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे, जिसके खिलाफ हमने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

रामायण

# केवट ने की अच्छी बात

तू कैसे तैर कसता है? अत: महाराज यदि इस नौका में बैठ कर सामने वाले किनारे पर जाना हो तो मैं कहूं वैसा करना होगा। मुझे एक महत्त्व को बात पता है कि आपकी चरणरज में मनुष्यत्त्व पेदा करने की शक्ति है-

**छूवल शिला भई नारी सुहाई।**
**पाहन ते न काठ कठिनाई॥**

महाराज, आपकी चरणराज एक पत्थर पर पड़ी उसमें से एक सुंदर ऋषि पत्नी उत्पन्न हो गयी, तो फिर महाराज मेरी नाव तो लकड़ी की है। लकड़ी पत्थर से कठोर नहीं होती। उसमें चरणरज पड़े और कुछ उत्पन्न होता है यदि ऋषि पत्नी उत्पन्न होतो धंधा मेरा टूट जायेगा। यह नौका मेरी आजीविका का साधन है। इसको खो दूं और स्त्री उत्पन्न हो तो मेरा गुजारा मुश्किल हो जायेगा। इसका मुझे कोई विरोध नहीं है। उसको काम पर लगा दूं। नौका बेशक चली जाये। पर हमारी गाड़ी तो चलेगी, पर महाराज, आपके चरणरज से ऋषि पत्नी उत्पन्न होती है और ऐसा कुछ हो गया तो नौका जायेगी ही साथ ही बड़ी मुसिबत उत्पन्न हो जायेगी। वह हमें छूएगी भी नहीं हम भी उसे छू नहीं सकते। उसके लिए अलग मकान बनाना पड़ेगा। सेवा में भोजन की सामग्री लानी पड़ेगी। वह पानी के छींटे डालकर लेगी उसमें भी हमसे कोई भूल हो जाए तो शाप देगी। मुझे आपने हाथों यह मुसीबत उत्पन्न नहीं करनी है। केवट ने बहुत ही अच्छी बात की है। महाराज! इसके सिवा और कोई धंधा मुझे नहीं आता। व्यक्ति को बिठाना और सामने किनारे पर उतारना। महाराज, आज तक मैंने सबको पार कराया है। डुबने का प्रश्न ही नहीं आता। हम पैसे लेते हैं पर पार लगाते हैं डूबाते नहीं है। नहीं तो कइयों की प्रवृत्ति विचित्र होती है। पैसे ले और सेवा का दिखावा करते हैं।


मोरारी बापू जी

गांवों में ऐसा बहुत बनता है। रास्ता छोटा हो और तंग हो उस पर किसी की गाड़ी निकले। कीचड़ में फंस जाये अत: मोटर वाला मदद के लिए चिल्लाये। आस-पास खेतों में से दो चार-चार लोग आयें। मोटर को धक्का देकर बाहर निकालें। मदद करने पर मोटर वाला पांच-दस रुपय सबको दे और कहे कि आप न होते तो आज मेरी कौन मदद करता? वे लोग पैसे ले लेते हैं। जाते-जाते मोटर वाला पूछता है कि आप गांव में रहकर क्या धंधा करते हो? वे कहते हैं कि बस यही धक्के मारने का धंधा करते हैं। किसी की गाड़ी निकल जाये तो हम पानी डालकर कीचड़ कर डालते हैं। गाड़ी फंस जाती है और गाड़ी वाला चिल्लाता है। हम फिर मदद करते हैं। यही हमारा धंधा है। केवट ने कहा, ''मैंने सबको पार लगाया है इसके लिए इसके सिवाय मुझे और धंधा आता ही नहीं है।'' सबको किनारे लगाये तो लोग आयें।

डुबायें तो कोई न आये। वह फिर बोला ''महाराज, दूसरी बात स्पष्ट कर दूं कि आपको इस नौका में बैठना हो तो चरण धोकर आना पड़ेगा। आपकी चरणरज पर मुझे भरोसा नहीं है। क्योंकि वह स्त्री उत्पन्न करती है तो मेरे लिए मुसीबत होगी। यह भी स्पष्ट कर दूं कि मैं आपसे पैसे नहीं लूंगा। महाराज जिन्होंने साधु के वस्त्र पहने हों उससे हम पैसे नहीं लेते। आपको केवल इतना ही करना है कि आप स्वयं निर्णय लें और मुझे कहें कि चरण धो दो।

# जब सत्संग भी मुश्किल हो जायेगा

ऊर्जा है, ताकत है, एनर्जी है पर मूर्ख है इस वक्त। बचपना बीत गया बचपने में, भगवान के काम का नहीं। बुढ़ापा आते-आते तक ऐसा सड़-गल गया मन कि बैठाओ सत्संग में- बुड्ढे बाबा जी बुरा नहीं मानना, बुड्ढी माता जी बुरा नहीं मानना, लेकिन बात सच्ची। बुड्ढे बाबा को बैठा दो सत्संग में तो वहां बैठा भी वह देखेगा कौन रिश्तेदार आया है। आया कि नहीं आया। मतलब वह सत्संग सुनेगा नहीं, वहां पर भी देखेगा या सत्संग में बैठ भी गया तो कभी पीठ दुखती है, बवासीर है जमीन पर नहीं बैठा जाता, करे क्या बेचारा?

फिर शुगर है किसी को तो बार-बार पेशाब लग जाती है। क्या करे वह? सत्संग ठीक से सुन भी नहीं पाता। शिविर में, अब यहां तो नहीं साधना शिविर में चूंकि पंद्रह सौ, दो हजार आदमी होते हैं, बस इतने ही मैं लेती हूं इससे ज्यादा नहीं। तो वह पूरे जब तलक सिटिंग खत्म न हो जाए बीच से मैं उठने नहीं देती हूं। आप आए हैं लोग साधना करने इसलिए कोई उठकर जाना भी नहीं चाहता।


गुरु मां

**एक** आदमी एक बार आया तो वह बीच से उठे, बाहर जाए, फिर पंद्रह मिनट बाद उठे बाहर जाए। मैंने उसको बुलवाया। मैंने कहा, आपको कुछ कष्ट है? बार-बार क्यों उठते हैं? कहते, असल में शूगर का रोगी हूं। दवाई खाता हूं, ब्लडप्रैशर भी है, बार-बार पेशाब जाना पड़ता है। क्या करूं? मैंने कहा, अब तो तेरी हालत देखकर मैं भी क्या करूं? कैसे मना करूं अब तेरे को?

अगर मना करती हूं तो तू जल-थल कर देगा फिर। इसलिए अच्छा है कि तू चला ही जा। पर मैंने कहा कि तू इतनी कृपा करना कि आखिर में बैठना आगे नहीं बैठना। कभी-कभी बुजुर्ग माताएं, कभी-कभी बुजुर्ग आदमी चिट्ठी भेजेंगे, सेवादार के हाथ संदेशा भेजेंगे कि महाराज जी को जरा मिलवा दो। मैंने कहा-मैं रोज तो मिल रही हूं। कहते-नहीं-नहीं, आंख से ठीक दिखता नहीं है। आंख में मोतिया उतर गया है। बहुत नजदीक आएं तो देख सकते हैं, ऐसे देख नहीं सकते।

**सिर कम्पयो पग डगमगे नैन जोत ते हीन।**

हालत तेरी यह हो गई। अब 'तऊ न हरि रस लीन' अभी तक तूने रस नहीं चखा। मैं आपसे ही पूछती हूं-कौन सी उम्र है कि फिर बंदगी करने के लिए? फिर कौन सी उम्र है समझदार होने के लिए? फिर कौन सी उम्र है मालिक की राह पर चलने के लिए? मेरे देखे तो जवानी ही एक उम्र है ऐसी, बुढ़ापा नहीं। मैं यह नहीं कह रही कि मैं बूढ़े लोगों को मना करती हूं या उन्हें मिलती नहीं हूं या उन्हें मैं यह कह रही हूं कि आपके लिए अब कुछ हो नहीं सकता। बाबा शेख फरीद, सूफी फकीर। आपके बचपन की एक घटना-छोटे थे बच्चे। मां इनकी चूल्हा जलाए तो लकड़ी इकट्ठी कर-करके वह मां के पास करे। खाना बना रही। तो बड़ी सी एक लकड़ी उठाई और चूल्हे में अपने आप देने की कोशिश करते हैं बालक फरीद।

# वेदों के महान उद्धारक स्वामी दयानंद सरस्वती



आधुनिक भारत में वेद विद्या के उद्धारक के रूप में स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम सर्वोपरि रूप में लिया जाता हैं। स्वामी जी ने वेदों पर दीर्घ अनुसन्धान किया और उनके सत्य अर्थ को जन मानस तक पहुंचाने के लिए उनका प्राचीन ऋषियों की परिपाटी पर भाष्य किया। वेदों के विषय में स्वामी जी द्वारा स्थापित कुछ मूल धारणाएं इस प्रकार हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। यह चार मंत्र संहिताएं ही 'वेद' हैं। यह चार मंत्र संहिताएं ही ईश्वर-प्रणीत अथवा अपौरुषेय ज्ञान पुस्तकें हैं। इन चार के अतिरिक्त अन्य जो भी पुस्तकें हैं - मान्य या अमान्य, वे सब मनुष्यों द्वारा रचित अर्थात् पौरुषेय हैं। वेदों की विषय वस्तु के विषय में स्वामी जी लिखते है वेदों में चार विषय हैं। ज्ञान, विज्ञान, कर्म और उपासना। वेद-ज्ञान की सहायता से मनुष्य अपने जीवन के चरम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है।

स्वामी जी का वेदों में विषय में महान चिंतन है कि वेदों में किसी राजा, प्रजा, देश, व्यक्ति आदि का बिलकुल इतिहास नहीं है। वेदों तो सृष्टि के आरंभ में प्रकाशित हुए हैं। उनमें किसी मनुष्य का इतिहास नहीं है। मनुष्यों ने वेदाविर्भाव के पश्चात् अपनी आवश्यकता अनुसार व्यक्तिओं, देशों, पर्वतों, नदियों तथा समुद्रों आदि के नाम वेदों के शब्दों के आधार पर निश्चित किए हैं। वेदों के शब्दों के आधार पर नाम रखने की यह परंपरा आज पर्यंत चली आ रही है। परंतु इससे वेदों में इन नामों वाले व्यक्तियों का इतिहास वर्णित है, ऐसा मान लेना तो बिलकुल ही अयोग्य समझा जाएगा। वेदों में मानवीय अनित्य इतिहास का नितान्त अभाव है। हां, सृष्टि की रचना कैसे होती है, प्रथम क्या बनता है, बाद में क्या बनता है, इसका चक्र कैसे चलता है, किन नियमों से सृष्टि चलती है, इत्यादि प्रश्नों के वैज्ञानिक समाधान के रूप में सृष्टि का नित्य इतिहास तो वेदों में है, परंतु उनमें किसी प्रकार का अनित्य मानवीय इतिहास बिल्कुल नहीं है। समस्त वैदिक साहित्य इस बात को प्रमाणित करता है कि वेदों में किसी भी देश, समाज या व्यक्ति का इतिहास नहीं है। इसलिए वे लोग जो वेदों में मानवीय इतिहास की कड़ियाँ या संकेत ढूंढने में विश्वास रखते हैं और इसी हेतु से कार्यरत हैं, वे वास्तव में वेदों के यथार्थ स्वरूप को समझने में भारी भूल कर रहे हैं। स्वामी जी के अनुसार वेदों में तीन पदार्थों को अनादि, अनुत्पन्न, नित्य स्वीकार किए गए हैं - ईश्वर, जीव और प्रकृति। इन तीनों पदार्थ की सत्ता सदैव ही बनी रहती है। इसलिए उनका कभी भी अभाव नहीं होता है। ये तीनों सत्ताएं अनादि हैं, वे कभी भी उत्पन्न नहीं होतीं हैं। ये तीनों तो बस ऐसे ही सदा से हैं और आगे भी सदैव बनी रहेंगी। ये तीनों सत्ताएं अनादि - अनंत काल से अपना अस्तित्व रखती आयी हैं और अनंत काल तक ऐसे ही विद्यमान रहने वाली हैं। उनका कभी भी अभाव होने वाला नहीं है। इसके अतिरिक्त, ये तीनों सत्ताएं एक में से दूसरी ऐसे परिवर्तित भी कभी नहीं होती हैं। अर्थात् ईश्वर कभी जीव या प्रकृति नहीं बनता है; जीव कभी ईश्वर या प्रकृति नहीं बनता है; और प्रकृति कभी ईश्वर या जीव नहीं बनती है। ये तीनों सत्ताएं अपने-अपने स्वाभाविक गुणों के आधार पर एक-दूसरे से सदैव भिन्न ही बनी रहती हैं; कभी भी अभिन्न - समान - एक नहीं हो जातीं। ईश्वर और जीव चेतन हैं, जबकि प्रकृति जड़ है। ईश्वर जीवों के कल्याण के लिए - उनकों उन्नति का - मोक्ष-प्राप्ति का अवसर प्रदान करने के लिए प्रकृति में से सृष्टि बनाता है। यह सृष्टि आज पर्यंत अनंत बार बनी-बिगड़ी है, और भविष्य में भी अनंत बार बनने-बिगड़ने वाली है। सृष्टि-प्रलय का यह क्रम भी अनंत है।

स्वामी जी का कहना था कि वेदों में मनुष्य के चरम विकास एवं उन्नति के लिए अपेक्षित समस्त ज्ञान वर्णित है। वेदों में सर्व प्रकार का ज्ञान-विज्ञान निहित है। वेदों में ईश्वर-प्राप्ति अथवा मोक्ष-प्राप्ति को मानव जीवन का चरम लक्ष्य बताया गया है। वेदों का प्रधान विषय यही अध्यात्म विज्ञान है। वेदों में भौतिक जीवन के प्रति भी अनादर के भाव नहीं हैं, उसके उत्कर्ष के लिए भी पर्याप्त सामग्री वेदों में उपलब्ध है; फिर भी आध्यात्मिक ऐश्वर्य की तुलना में भौतिक ऐश्वर्य को गौण जरूर बताया गया है। वेद जगत् को वास्तविक एवं सप्रयोजन मानते हैं। जगत् को स्वप्नवत्? मिथ्या मानते हुए अपने शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक अभ्युदय की प्राप्ति के लिए बिल्कुल कामना या यत्न ही न करना - इस प्रकार के निराशावादी चिंतन का वेदों में अभाव है। वेद हमें ज्ञान-कर्म-उपासनामय कर्मठ जीवन के पाठ पढ़ाते हैं। वेद मानवोपयोगी समस्त विद्याओं के मूल हैं। वेदों में मानव जीवन के सभी अंगो के विषय में - व्यष्टि एवं समष्टि दोनों के विषय में ज्ञान प्रस्तुत किया गया है। वेदों में भौतिक विज्ञान के रहस्य भी उपलब्ध हैं, परंतु वेदों में ये सब विद्याएं मूलवत् अर्थात् बीज या सूत्र रूप में वर्णित हैं। वेदों में किसी 'शास्त्र' के रूप में अमुक विद्या या विज्ञान-शाखा का सांगोपांग विस्तार या विशद विवेचन प्रस्तुत नहीं किया गया है। परंतु वेदों में से भौतिक जगत् विषयक संकेतों को ठीक से समझ कर उनके अवलंबन से सृष्टि का गहन वैज्ञानिक अध्ययन करके मनुष्य भौतिक जगत् की भी अनेक सच्चाइयों का अन्वेषण कर सकते हैं।

# साध संगति बिन हउमै हेरे

संतमत सिद्धांत



महान पवित्र पुस्तक 'गुरुमत सिद्धांत 84 विषयों वाला' के बाद 'सन्तमत सिद्धांत' श्री राधा स्वामी सत्संग ब्यास जी की ओर से इस पृथ्वी पर हर इंसान के लिए ऐसी अनूठी कृति है कि जीवन सुखी रह सकता है। महाराज सावन सिंह जी रचित 'सन्तमत सिद्धांत' के समर्पण में चरन सिंह जी महाराज ने लिखा है कि गुरुवाणी के गूढ़ विषयों को आसानी से समझना और पालन करने तक की विवेचना 'सन्तमत सिद्धांत' में की गई है। महाराज सावन सिंह जी ने 'सन्तमत सिद्धांत' में जो कुछ मानवता के लिए समर्पित किया, इस महान संकलन को हम अपने पाठक प्रेमियों की भारी मांग पर अक्षरशः प्रस्तुत कर रहे हैं ताकि वे व्यावहारिक जीवन में एक-दूसरे से प्यार कर सकें, परोपकार कर सकें, जोकि सन्तमत सिद्धांत का वास्तविक उद्देश्य है। - संपादक

**नानक** हउमै रोग बुरे॥
जह देखां तह एका बेदन
आपे बखसै सबदि धुरे॥
- गुरु नानक देव (आदि ग्रन्थ, पृ. 1153)

पीर पैकंबर औलीए गौस
कुतब उलमाउ घनेरे।
सेख मसाइक सादकां सुहदे
औरु सहीद बहुतेरे।
काजी मुलां मउलवी मुफती
दानसंवद बंदेरे।
रिखी मुनी दिगंबरा कालख
करामात अगलेरे।
साधक सिध अगणत हैनि आप
जणाइनि वडे वडेरे।
बिन गुर कोइ न सिझई हउमै
वधदी जाइ वधेरे॥
साध संगति बिन हउमै हेरे॥
जगि हउमै मैलु दुखु पाइआ
मलु लागी दूजै भाइ॥
मलु हउमै धोती किवै न उतरै
जे सउ तीरथ नाइ॥
बहु बिधि करम कमावदे दूणी
मलु लागी आइ॥
पड़िए मैलु न उतरै पूछहु
गिआनीआ जाइ॥
-गुरु अमरदास (आदि ग्रन्थ, पृ.39)

हउ मै करी तां तू नाही तू होवहि
हउ नाहि॥
बूझहु गिआनी बूझणा एह
अकथ कथा मन माहि॥
-गुरु नानक देव (आदि ग्रन्थ, पृ. 1092-93)

रंग संगि बिखिआ के भोगा इन
संगि अंध न जानी॥
हउ संचउ हउ खाटता सगली
अवध बिहानी॥
हउ सूरा परधानु हउ को नाही
मुझहि समानी॥
जोबनवंत अचार कुलीना मन
महि होइ गुमानी॥
-गुरु अर्जुन देव (आदि ग्रन्थ, पृ. 242)

अंतरि अलखु न जाई लखिआ
विचि पड़दा हउमै पाई॥
माइआ मोहि सभो जगु साइआ
इहु भरमु कहहु किउ
जाई॥
एका संगति इकतु ग्रिहि
बसते मिलि बात न
करते भाई॥
एक बसतु बिनु पंच दुहेले ओह
बसतु अगोचर ठाई॥
जिस का ग्रिहु तिनि दीआ ताला
कुंजी गुर सउपाई॥
अनिक उपाव करे नहीं पावै
बिनु सतिगुर सरणाई॥
- गुरु अर्जुन देव (आदि ग्रन्थ, पृ. 205)

हउमै रोगु मानुख कउ दीना॥
काम रोगि मैगलु बसि
लीना॥
द्रिसटि रोगि पचि मुए पतंगा॥
नाद रोगि खपि गए
कुरंगा॥
जो जो दीसै सो सो रोगी॥ रोग
रहित मेरा सतिगुरु जोगी॥
-गुरु अर्जुन देव (आदि ग्रन्थ, पृ. 1140)

हउमै दीरघ रोगु है दारू भी
इसु माहि॥
किरपा करे जे आपणी ता गुर
का सबदु कमाहि॥
-गुरु अंगद देव (आदि ग्रन्थ, पृ. 466)

जिन कउ पूरबि लिखिआ तिना
सतगुरु मिलिआ
प्रभु आइ॥
नानक गुर परसादी उबरे हउमै
सबदि जलाइ॥
-गुरु अमरदास (आदि ग्रन्थ, पृ. 592)

# बसंत पंचमी के दिन स्थापित करें मां सरस्वती की मूर्ति

सनातन धर्म में बसंत पंचमी के त्योहार को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस बार माघ महीने में बसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी 2024 को मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार, इस खास अवसर पर मां सरस्वती की पूजा करने से साधक की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और ज्ञान, बुद्धि, धन, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। अगर आप बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर रहे हैं, तो ऐसे में आपको वास्तु के नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक है, जिससे आपको जीवन में शुभ फल की प्राप्ति होगी। चलिए जानते हैं मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना करने के लिए वास्तु के नियमों के बारे में।



**बसंत पंचमी के दिन**
इस दिशा में स्थापित करें मूर्ति

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मां सरस्वती की मूर्ति को स्थापित करने के लिए उत्तर दिशा को बेहद शुभ माना गया है। इसलिए मां सरस्वती की मूर्ति या तस्वीर उत्तर दिशा में लगाएं। माना जाता है कि इस दिशा में मूर्ति स्थापित या तस्वीर लगाने से शिक्षा संबंधी कार्यों में सफलता मिलती है और सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होते हैं।

**इस मुद्रा में होनी चाहिए मूर्ति**
मां सरस्वती की मूर्ति या तस्वीर का चयन करते समय आप इस बात का विशेष ध्यान रखें कि मां सरस्वती की मूर्ति कमल पुष्प पर बैठी हुई मुद्रा में होनी चाहिए। खड़ी हुई मुद्रा में मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना करना शुभ नहीं माना जाता। वास्तु के अनुसार, मां सरस्वती की मूर्ति सौम्य, सुंदर और आशीर्वाद वाली मुद्रा में होनी चाहिए। इसके अलावा मां सरस्वती की मूर्ति खंडित नहीं होनी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि घर में खंडित मूर्ति की स्थपना करने से नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।


बाइबल की कहानियां

# जब यशायाह को ईश्वर के दर्शन हुए

यशायाह को ईश्वय के प्रति अपार प्रेम था। वह रोज ईश्वर से प्रार्थना करने मंदिर जाया करते। हर बार कि तरह इस बार भी यशायाह मंदिर मर ईश्वर से प्रार्थना करने गए थे। जब वह प्रार्थना कर रहे थे तभी कुछ ऐसा हुआ जिसकी कल्पना उन्होंने कभी नहीं कि थी। वहां यशायाह को ईश्वर के दर्शन हुए। ईश्वर के दर्शन के बाद यशायाह अचंभित हो चुकता था और ईश्वर के दर्शन से उसे ईश्वर कि पवित्रता का अहसास हुआ। पहले तो यशायाह ईश्वर के दर्शन से प्रसन्न हुआ और ईश्वर कि पवित्रता को आनंद लिया। लेकिन बाद में उसे इस बात का भी अहसास हुआ कि वह पापी है। इस बात का अहसास होते ही यशायाह ने ईश्वर से मदद मांगी, हे ईश्वर, मैं पापी हूं और मैं पापियों के साथ रह रहा हूं। मैं आपसे विनती करता हूं कि आप मेरे पापों को माफ करे और मुझे भी पवित्र कर दें। इसके बाद ईश्वर का दूत आया और उसने यशायाह को पवित्र बनाया। इसके बाद यशायाह के सारे पाप माफ हो गए। इसके बाद ईश्वर ने यशायाह से कहा, जाओ और लोगों को मेरे वचन कि शिक्षा दो। लोग तुम्हारी बात पहली बार नहीं सुनेंगे लेकिन बार बार कहने पर वें तुम्हारी बात जरूर सुनेंगे। मैं तुम्हें आज्ञा देता हूं कि तुम लोगों को मेरे मार्ग पर लेकर आओ। ईश्वर के दिए हुए आज्ञा को यशायाह ने खुसी-खुसी स्वीकारा और इसके बाद वह ईश्वर के दिए कार्य को करने लगा। यशायाह जगह जगह जाता और लोगो को ईश्वर के मार्ग में चलने को कहता। वह लोगों से कहता कि वें अपना पाप करना बंद कर दे। सब अपने पापों के लिए ईश्वर से माफी मांगे और ईश्वर से प्रेम करें। ईश्वर दयालु है वह हमारे पापों के लिए हमें माफ कर देगा। यशायाह कि बातों में इतनी मधुरता थी कि लोग उसे सुनने को रुक जाते और उसकी कही हुई बातों को सुनते और उसपर अमल करते। उन्होंने सबसे कहा कि सबको शोषण करना बंद कर देना चाहिए। हमें विधवा और अनाथो कि रक्षा करनी चाहिए। यशायाह ने लोगों को मूर्ति पूजा करने और जानवरों कि बलि चढाने से भी मना किया। धीरे धीरे यशायाह आस-पास के गावों में प्रचलित होने लगे। वह जहां भी जाते वहां ईश्वर कि कही हुई बातों को लोगों तक पहुंचते। ऐसे में यशायाह के चाहने वालों कि संख्या भी बढ़ने लगी थी और सुब उनके शिष्य बन गए।

# परमात्मा पूर्ण ज्ञानी है

पूर्व. परमेश्वर अपना अंत जानता है वा नहीं?

(उत्तर.) परमात्मा पूर्ण ज्ञानी है, क्योंकि ज्ञान उसको कहते हैं कि जिससे ज्यों का त्यों जाना जाए, अर्थात जो पदार्थ जिस प्रकार का हो उसको उसी प्रकार जानने का नाम ज्ञान है। जब परमेश्वर अनंत है तो अपने को अनंत ही जानना ज्ञान, उससे विरुद्ध अज्ञान अर्थात अनंत को सांत और सांत को अनंत जानना भ्रम कहाता है। 'यर्थात-दर्शनं ज्ञानमिति' जिसका जैसा गुण कर्म स्वभाव हो उस पदार्थ को वैसा ही जानकर मानना ही ज्ञान और विज्ञान कहाता है, इससे उलटा अज्ञान। इसलिए- जो अविद्यादि क्लेश, कुशल, अकुशल, ईष्ट, अनिष्ट और मिश्र फलदायक कर्मों की वासना से रहित है वह सब जीवों से विशेष ईश्वर कहाता है।

**(पूर्व.)** प्रत्यक्ष से घट सकते ईश्वर की सिद्धि नहीं होती, क्योंकि जब उसकी सिद्धि में प्रत्यक्ष ही नहीं तो अनुमानादि प्रमाण नहीं हो सकता और व्याप्ति सम्बंध न होने से अनुमान भी नहीं हो सकता। पुन: प्रत्यक्षानुसार के न होने से शब्दप्रमाण आदि भी नहीं घट सकते। इस कारण ईश्वर की सिद्धि नहीं हो सकती।

**(उत्तर.)** यहां ईश्वर की सिद्धि में प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है और न ईश्वर जगत का उपादान कारण है और पुरुष से विलक्षण अर्थात सर्वत्र पूर्ण होने से परमात्मा का नाम पुरुष और शरीर में शयन करने से जीव का भी नाम पुरुष है क्योंकि इसी प्रकरण में कहा है- यदि पुरुष को प्रधानशक्ति का योग हो तो पुरुष में सड्गापत्ति हो जाए, अर्थात जैसे प्रकृति सूक्ष्म से मिलकर कार्यरूप में सड्गत हुई है। वैसे परमेश्वर भी स्थूल हो जाए, इसलिए परमेश्वर जगत का उपादान कारण नहीं किंतु निमित्त कारण है। जो चेतन से जगत की उत्पत्ति हो तो जैसा परमेश्वर समग्रैश्वर्ययुक्त है, वैसा संसार में भी सर्वैश्वर्य का योग होना चाहिए, सो नहीं है। इसलिए परमेश्वर जगत का उपादान कारण नहीं किंतु निमित्त कारण है, क्योंकि उपनिषद भी प्रधान ही को जगत का उपादान कारण कहती है। जो जन्मरहित सत्व, रज तमोगुणरूप प्रकृति है वही स्वरूपाकार से बहुत प्रजारूप हो जाती है, अर्थात प्रकृति परिणामिनी होने से अवस्थांतर हो जाती है और पुरुष अपरिणामी होने से अवस्थांतर होकर दूसरे रूप में कभी नहीं प्राप्त होता, सदा कूटस्थ निर्विकार रहता है। इसलिए जो कोई कपिलाचार्य को अनीश्वरवादी कहता है जानो वही अनीश्वरवादी है, कपिलाचार्य नहीं। तथा मीमांसा का धर्म धर्मी से ईश्वर। वैशेषिक और न्याय भी 'आत्मा' शब्द से अनीश्वरवादी नहीं, क्योंकि सर्वज्ञत्वादी धर्मयुक्त और ''अतति सर्वत्र व्यानोतीत्यात्मा'' जो सर्वत्र व्यापक और सर्वज्ञादि धर्मयुक्त सब जीवों का आत्मा है उसको मीमांसा, वैशेष्कि और न्याय ईश्वर मानते हैं।

**ईश्वर** अवतार लेता है व नहीं?

**(उत्तर.)** नहीं, क्योंकि 'अज एकपात' (34। 53) 'स पर्य्यगाच्छुक्रमकायम' (40।8) ये यजुर्वेद के वचन हैं।

### आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप : फाइनल में भारत को 79 रनों से दी मात

# ऑस्ट्रेलिया चौथी बार बना चैंपियन

**बेनोनी,(एजेंसी)।** हरजस सिंह की 55 रनों की अर्धशतकीय पारी और ओलिवर पीक के नाबाद 46 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के फानइल मुकाबले में भारत को 79 रनों से हराकर चौथी बार खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। जबाव में भारतीय पारी 43.5 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। एक समय भारत ने 31.5 ओवर में अपने आठ बल्लेबाजों को गंवा दिया थे। छह बल्लेबाज तो दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। मुरुगन अभिषेक और नमन तिवारी ने नौवें विकेट लिए 46 रनों की साझेदारी कर भारत के स्कोर को सम्मानजक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से महली बियर्डमैन और राफ मैक्मिलन ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले ,यू वेबगेन 48 और हैरी डिक्सन 42 रन, रयान हिक्स 20 रन,चार्ली एंडरसन 13 रन, रैफ मैक्मिल दो रन और हरजस सिंह 55 रन बनाकर आउट हुये। ऑलिवर पिक 46 रन और टॉम स्ट्रैकर आठ रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से राज लिंबानी ने तीन विकेट लिए।




### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरी डिक्सन कै. अभिषेक बो. तिवारी | 42 | 56 | 3/1 |
| सैम कॉन्स्टास बो. लिंबानी | 00 | 08 | 0/0 |
| ह्यू वेबगेन कै. मुशीर बो. तिवारी | 48 | 66 | 5/0 |
| हरजस सिंह पगबाधा सौम्य | 55 | 64 | 3/3 |
| रयान हिक्स पगबाधा लिंबानी | 20 | 25 | 2/0 |
| ऑलिवर पिक नाबाद | 46 | 43 | 2/1 |
| रैफ मैक्मिलन कै. एवं बो. मुशीर | 02 | 08 | 0/0 |
| चार्ली एंडरसन पगबाधा लिंबानी | 13 | 18 | 0/1 |
| टॉम स्ट्रैकर नाबाद | 08 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 19, **कुल**: 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन, **विकेट पतन**: 1-16, 2-94, 3-99, 4-165, 5-181, 6-187, 7-221 **गेंदबाजी**: राज लिंबानी 10-0-38-3, नमन तिवारी 9-0-63-2, सौम्य पांडे 10-0-41-1, मुशीर खान 9-0-46-1, मुरुगन अभिषेक 10-0-37-0, प्रियांशु मोलिया 2-0-17-0.

| भारत अंडर-19 | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| आदर्श सिंह कै. हिक्स बो. बियर्डमैन | 47 | 77 | 4/1 |
| अर्शीन कै. हिक्स बो. वाइडलर | 03 | 06 | 0/0 |
| मुशीर खान बो. बियर्डमैन | 22 | 33 | 3/0 |
| उदय सहारन कै. वेबगेन ब्र बियर्डमैन | 08 | 18 | 0/0 |
| सचिन धस कै. हिक्स बो. मैक्मिलन | 9 | 8 | 1/0 |
| प्रियांशु मोलिया कै. कैलम बो. एंडरसन | 9 | 21 | 0/0 |
| अवनीश कै. एवं बो. मैक्मिलन | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक कै. वेबगेन बो. वाइडलर | 42 | 46 | 5/1 |
| राज लिंबानी बो. मैक्मिलन | 00 | 05 | 0/0 |
| नमन तिवारी नाबाद | 14 | 35 | 0/1 |
| सौम्य पांडे कै. हिक्स बो. टॉम स्ट्रैकर | 02 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 18, **कुल**: 43.5 ओवर में 174 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-3, 2-40, 3-55, 4-68, 5-90, 6-91, 7-115, 8-122, 9-168, 10-174, **गेंदबाजी**: कैलम वाइडलर 10-2-35-2, चार्ली एंडरसन 9-0-42-1, टॉम स्ट्रैकर 7.5-1-32-1, महली बियर्डमैन 7-2-15-3, रैफ मैक्मिलन 10-0-43-3.

यह अविश्वसनीय पल है। मुझे अपने खिलाड़ियों और सभी कोच पर बहुत गर्व है। पिछले कुछ महीनों में हमने काफी मेहनत की है। जब हमने 250 के आंकड़े को छुआ तो हमें काफी हद तक विश्वास था कि हम इसे डिफेंड कर लेंगे। भारत स्पष्ट रूप से एक क्लास टीम है, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा। यह अलग बात है कि वह हारने वाले पक्ष में खड़े हैं।

**ह्यू वेबगेन**
ऑस्ट्रेलियाई कप्तान

मुझे अपने साथियों पर और अपनी टीम पर गर्व है। पूरे टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी ने योगदान दिया है और जीतने का प्रयास किया है। फाइनल मैच में हम पिच पर टिक कर खेलने में और कुछ रैश शॉट खेलने के चक्कर में आउट हो गए। हमें पिच पर समय बिताने का प्रयास करना चाहिए था। इस पूरे टूर्नामेंट में हमें काफी कुछ सीखने को मिला है। हमें बस ऐसे ही सीखते जाना है और बढ़ते जाना है।

**उदय सहारन**
भारतीय कप्तान



### सौम्य पांडे एक संस्करण में सर्वाधिक 18 विकेट लेने वाले भारतीय बने

बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे ने अंडर-19 विश्वकप 2024 में 18 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे पुरुषों के 19 विश्वकप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय बन गए हैं। सौम्य पांडे ने लेग स्पिनर रवि बिश्नोई का 2020 में 17 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### 9 महीने में तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने तोड़ा भारतीय फैंस का दिल

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भारतीय टीम 9 महीने के अंदर तीन बार अलग-अलग फॉर्मेट में खिताब जीतने से चूक गई है और हर बार ऑस्ट्रेलिया ने उसे हराया है। भारत के फाइनल हारने की शुरुआत पिछले साल जून में हुए विश्व टेस्ट चैंपियन में हार के साथ हुई। इसके बाद वनडे वर्ल्डकप 2023 के फाइनल में और अब अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली है।

### 14 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीता खिताब

अंडर-19 विश्व कप में यह ऑस्ट्रेलिया का चौथा खिताब है। इससे पहले वह 1988, 2002 और 2010 में भी खिताब जीत चुके हैं। 14 साल बाद ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीता है। भारत पांच बार की चैंपियन है। उसने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब पर कब्जा जमाया था।

### ऑस्ट्रेलिया लगातार चार आईसीसी खिताब जीतने वाली पहली टीम

ऑस्ट्रेलिया ऐसी पहली टीम बन गई है, जिसने पुरुष और महिला दोनों के आईसीसी टूर्नामेंट्स को मिलाकर लगातार चार आईसीसी के खिताब जीते हैं। फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने टी20 विश्व कप जीता था। फिर जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। फिर नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर वनडे विश्वकप की ट्रॉफी जीती थी। अब अंडर-19 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है।



**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट**
**क्वेना मफाका (दक्षिण अफ्रीका)**

| | |
|---|---|
| 06 | मैच |
| 21 | विकेट |
| 6/21 | सर्वश्रेष्ठ |

## ग्लेन मैक्सवेल ने इंटरनेशनल टी20 में ठोका पांचवां शतक

### ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 34 रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई



**एडिलेड,(एजेंसी)।** ग्लेन मैक्सवेल की नाबाद 120 रनों की तूफानी शतकीय पारी और उसके बाद मार्कस स्टॉयनिस के तीन विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में 34 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 241 रन बनाए। जबाव में विंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 55 गेंदों पर 120 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा टिम डेविड ने 31 रन और कप्तान मिचेल मार्श ने 29 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमैन पॉवेल ने 36 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली, जबकि 16 गेंदों में 37 रन आंद्रे रसेल ने बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 3 विकेट मार्कस स्टोइनिस को मिले, जबकि 2-2 सफलता स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड को मिलीं।

### मैक्सवेल ने की रोहित के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी

दाएं हाथ के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने विंडीज के खिलाफ अपने टी-20 इंटरनेशल करियर का पांचवां शतक जड़ा। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले संयुक्त रूप से दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में रोहित शर्मा की बराबरी की। रोहित ने भी पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने का विश्व रिकॉर्ड जनवरी में रोहित शर्मा ने बनाया था। इससे पहले रोहित शर्मा, ग्लेन मैक्सवेल और सूर्यकुमार यादव 4-4 शतक टी20आई क्रिकेट में जड़ चुके थे। जनवरी में रोहित ने पांचवां शतक जड़ा, जबकि फरवरी में ग्लेन मैक्सवेल ने भी पांचवां शतक जड़कर उनकी बराबरी कर ली। हालांकि, लंबे समय तक रोहित शर्मा के नाम टी20 में ये विश्व रिकॉर्ड चार शतकों के साथ दर्ज रहा था।

### सुमित नागल ने जीता चेन्नई ओपन का खिताब



**चेन्नई,(एजेंसी)।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में इटली के लुका नारदी को हराकर अपना पांचवां चैलेंजर स्तर का एकल खिताब जीता जिससे उनका विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंचना तय है। नागल ने इटली के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 6-1 6-4 से हराया। इससे सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में उनके 98वें स्थान पर पहुंचने की संभावना है। यह 2019 के बाद पहला अवसर होगा जबकि कोई भारतीय एकल खिलाड़ी शीर्ष 100 में जगह बनाएगा। तब प्रजनेश गुणेश्वरन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। नागल ने इस सत्र की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया और पहले दौर में शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। वह इस समय शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए चेन्नई ओपन जीता।

### अमित व सचिन ने स्वर्ण जीते, जरीन को मिला रजत



**सोफिया, (एजेंसी)।** विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अमित पंघाल और सचिन सिवाच ने 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रविवार को यहां स्वर्ण पदक जीते जबकि निकहत जरीन और तीन अन्य भारतीयों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंघाल (51 किग्रा) ने पुरुषों के फ्लाईवेट फाइनल में कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। विश्व युवा चैंपियन सचिन (57 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के शेखज़ोद मुजाफारोव को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। हालांकि दो बार की विश्व चैंपियन ज़रीन (50 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), बरुण सिंह शगोलशेम (48 किग्रा) और रजत (67 किग्रा) को अपने-अपने मुकाबलों में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### हांगकांग में मेसी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद्द

**हांगकांग, (एजेंसी)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने के कारण स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन दौरे पर अगले महीने होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद्द कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। संघ ने कहा, बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेसी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेसी की कप्तानी में विश्वकप चैंपियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। इस दौरे पर अर्जेंटीना को बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच खेलने थे। लेकिन मेसी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को ग्रोइन चोट के कारण यहां आयोजित क्लब के मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### करण सिंह और मुकुंद बेंगलुरु ओपन से बाहर

**बेंगलुरु,(एजेंसी)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले 20 वर्षीय करण सिंह को दो घंटे 46 मिनट तक चले पहले दौर में दूसरे वरीय डान एडिड से 6-7(3), 7-5, 6-7(9) से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद चौथे वरीय इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से 4-6, 3-6 से पराजित हो गए।

### तेजस्विन शंकर ने हाई जम्प में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट ऑप डेन बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

### सनराइजर्स ने लगातार दूसरी बार जीता एसए20 खिताब

**केपटाउन,(एजेंसी)।** मार्को यानसन के 5 विकेट के दम पर सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जाइंट्स को 89 रन से हराकर लगातार दूसरी बार साउथ अफ्रीका 20 खिताब अपने नाम कर लिया। लीग के पहले सत्र में भी सनराइजर्स विजयी रहे थे। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 204 रन बनाए। जवाब में डरबन टीम 17 ओवर में 115 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज यानसन ने 4 ओवर में 30 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने लीग में सर्वाधिक 20 विकेट अपने नाम किए।

### कतर ने लगातार दूसरी बार जीता एशियन कप

**लुसैल (एजेंसी)।** कतर ने अकरम अफीफ की हैट्रिक की बदौलत जोर्डन को 3-1 से हराकर एएफसी एशियन कप खिताब जीता। आठ गोल करने वाले टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अफीफ ने लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया।

### प्लेऑफ में छठे स्थान पर रहे गुकेश तीन राउंड हारे

**वांगल्स,(एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को वीसेनहाउस फ्रीस्टाइल शतरंज चैलेंज के रैपिड प्लेऑफ में आखिरी तीन राउंड हारने के कारण छठे स्थान से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने रैपिड स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया तथा 5.5 अंकों के साथ जर्मनी के विंसेंट कीमर से आधा अंक आगे रहे। गुकेश के लिए दिन अच्छा नहीं रहा और उन्हें शुरू में ही फैबियानो कारुआना से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अब्दुसत्तारोव के खिलाफ उन्होंने कुछ चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें हार मिली।

## केएल राहुल ने शुरू की बल्लेबाजी प्रैक्टिस

### मेडिकल टीम से अनुमति मिलने के बाद ही खेल सकेंगे तीसरा टेस्ट मैच

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन मैच के लिए टेस्ट टीम में जगह मिली है। राहुल ने 5 मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला था और शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन चोट के कारण वह दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। लेकिन तीसरे टेस्ट में वह वापसी कर सकते हैं। बीसीसीआई ने स्क्वॉड में उन्हें शामिल किया है लेकिन मेडिकल टीम से अनुमति मिलने के बाद ही खेल सकेंगे।

हालांकि राजकोट में होने वाले मैच से कुछ दिन पहले केएल राहुल बल्लेबाजी प्रैक्टिस करते हुए नजर आए हैं, जिसका वीडियो उन्होंने खुद शेयर किया है। जिसमें वह नेट्स में बल्लेबाजी प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहा है, जोकि भारत के लिए अच्छा संकेत हैं।



### इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज जैक लीच भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

इंग्लैंड के अनुभवी स्पिनर जैक लीच चोट के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। वह शेष तीन मैच नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को इसकी पुष्टि की। भारत और इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 1-1 की बराबरी पर हैं। इंग्लैंड ने हैदराबाद में जबकि भारत ने विशाखापट्टनम में विजयी परचम फहराया। तीसरा टेस्ट मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाना है। ईसीबी ने कहा, इंग्लैंड और समरसेट के स्पिनर जैक लीच बाएं घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ बचे हुए टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं।

### इंटर जोनल क्रिकेट के लिए आज रवाना होगी मप्र की टीम

**भोपाल,(खेसं)।** रायपुर में 13 फरवरी से शुरू होने वाले 40 प्लस ऑल इंडिया इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मध्यप्रदेश की टीम आज रवाना होगी। टीम के मैनेजर अक्षय श्रीवास्तव जी ने बताया कि टीम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। जयपुर में हुई प्रतियोगिता की फाइनलिस्ट टीम का ही चयन किया गया है। **मप्र की टीम:** जेपी यादव (कप्तान), सोहैल मसूद, अब्दुल अकील (उप कप्तान) परवेज उल्ला, सतीश कुमार, मुकतदिर उल्ला, जमरान जावेद, सनी भटनागर, मोहम्मद आसिफ, अमित पाल, जितेंद्र लिखार, आशीष पाल, राजेश कनोजिया, मनोज कंधारी, समी खान, योगेश पटेल, इकबाल सिद्दीकी (कोच), अक्षय श्रीवास्तव (मैनेजर)।



### एमपीसीएससी और कीनियान क्लब जीते

**भोपाल,(खेसं)।** स्वर्गीय श्री हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विभागीय ग्रुप में रविवार को चार मैच खेले गए। पहले मैच ने एमपीसीएससी ने नगर निगम फायर को 43 रन से हराया। एमपीसीएससी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अबुजर 72 और वीरेंद्र वेद के 41 रन की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 181 रन बनाए। नगर निगम की तरफ से आकाश द्विवेदी ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी नगर निगम की टीम 19 ओवर मे 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जिसमें साहिल परोचे ने 43 और हातम ने 21 रन का योगदान दिया। दूसरे मैच कीनियान क्लब ने यूबीसी को 76 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किनियान क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 191 रन बनाए। जिसमे आयुष ने 52 और शैलेष पटेल ने 51 रन बनाए। यूबीसी की तरफ से सनी ने 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी यूबीसी की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 115 रन ही बना सकी। आयुष कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अन्य मैचों में दैनिक जनचर्चा ने पीएन्डजी को 5 विकेट से हराया। वहीं डीजीपी इलेवन ने फारेस्ट को 25 रन से हराया।



## 1000 और 500 मी. में दूसरे पायदान पर रहा मध्य प्रदेश

### 34वीं केनो स्प्रिंट जूनियर सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता



**भोपाल,(खेसं)।** 34वीं केनो स्प्रिंट जूनियर सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन मप्र ने 1000 और 500 मीटर की फाइनल रेसेस संपन्न हुई। जिसमें उडीसा ने 16 स्वर्ण, 8 रजत और 2 कांस्य पदक समेत कुल 26 पदक प्राप्तकर पहला स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश ने कड़ी टक्कर देते हुए 12 स्वर्ण, 8 रजत और 8 कांस्य समेत कुल 19 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा 12वीं नेशनल ड्रेगन बोट रेस महिला और पुरुष 500 मी की रेस में हरियाणा ने 4 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर पहले स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की टीम 2 स्वर्ण, 2 रजत समेत कुल 4 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहीं। दिल्ली की टीम 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहीं। पदक वितरण समारोह में युएस आउन्सलेट जर्नल मीस्टर माईक हेन्की मुख्य अतिथि रहे।

### ऑल इंडिया एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए मप्र की टीम चयनित

**भोपाल,(खेसं)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की मध्यप्रदेश एथलेटिक टीम के ट्रायल भोपाल में सम्पन्न हुए। जिसमें से चयनित सभी खिलाड़ी 29 फरवरी से चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया एथलेटिक्स एवम इंडोर प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। देवी प्रसाद जी रीजनल पीएफ कमिश्नर भोपाल इसके आब्जर्वर थे तथा राव जी एवम प्रमोद पिल्लई जी को ऑफिशियल नियुक्त किया गया था। भोपाल के विक्रम सिंह तोमर 100 मीटर की रेस जीतकर मध्यप्रदेश के सबसे तेज धावक बने। 200 मीटर में जबलपुर के भूपेंद्र कोरी, 400 मीटर में शुभम शर्मा, 800 मीटर में सुनील, 1500 मीटर में विक्रम नरवरिया, 110 मीटर हर्डल में संजय अहिरवार, डिस्क थ्रो में शशांक रघुवंशी, जेवलिन में ब्रजेश ठाकुर, रिले में मनोज, सतीश, रविन्द्र , ऊंची कूद में शरद नामदेव,लंबी कूद में उमेश सोनी ने एवम महिला वर्ग में प्रियम्वदा, अंकिता, नेहा विजयी रही।



### स्टेट लेवल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मप्र ने हासिल किया दूसरा पायदान

**भोपाल,(खेसं)।** भोपाल में आयोजित स्टेट लेवल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता बालक और बालिका वर्ग में इंदौर प्रथम स्थान पर रहा। भोपाल दूसरे और देवास जिला तीसरे पायदान पर रहा। बालक वर्ग में भोपाल ने टीकमगढ को 7-3 से हराया। वहीं बालिका वर्ग में इंदौर ने भोपाल को 1 -0 से हराकर विजेता बना। पुरस्कार वितरण के दौरान बीएचईएल भोपाल कार्यपालक निदेशक एस एम रामानाथन, नगरीय जनसम्पर्क मंत्री नगर निगम भोपाल अशोक वाणी, मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल सचिव प्रवीण अनाओकर उपस्तिथ रहे।



### ईरानी इलेवन ने जीती अल्हम्द चैंपियंस ट्रॉफी



**भोपाल,(खेसं)।** ईरानी इलेवन ने एयरपोर्ट रोड पर स्थित अल्हम्द क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित अल्हम्द चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-3 का खिताब जीता। फाइनल मैच ईरानी इलेवन और रेंजर्स इलेवन के बीच खेला गया। रेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ईरानी को 146 रन का टारगेट दिया। रेंजर्स11 की ओर से मुशीर ने 28 और इनाम ने 30 रन की सर्वाधिक पारी खेली। ईरानी की ओर से यासिर, घनश्याम और सकलैन ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईरानी ने 13.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। जिसमें हसन अब्बास ने 53 रन अर्धशतकीय पारी खेली।

# पुरुषों-महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण कैसे अलग होते हैं?


■ न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।

एक अध्ययन के अनुसार, पसीना, मतली, चक्कर आना और असामान्य थकान आम दिल के दौरे के लक्षणों की तरह नहीं लग सकते हैं, लेकिन महिलाओं में आम हैं, और आराम करने या सोते समय अधिक बार हो सकते हैं। पुरुषों के विपरीत, महिलाओं में सीने में दर्द, दबाव या बेचैनी हमेशा गंभीर नहीं होती है या दिल का दौरा पड़ने का सबसे प्रमुख लक्षण भी नहीं होता है। मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया कि इसीलिए महिलाओं को हृदय रोग के खतरे को कम करने के लिए काम करने के साथ-साथ उनके अनूठे लक्षणों को भी समझने की जरूरत है। जब महिलाएं दिल के दौरे के लक्षणों का अनुभव करती हैं, तो उन संकेतों की अक्सर गलत व्याख्या की जाती है।

महिलाओं के लक्षण अक्सर अस्पष्ट होते हैं - सांस की तकलीफ, मतली/उल्टी, और पीठ या जबड़े में दर्द। अन्य महिलाओं को चक्कर आना, निचली छाती या ऊपरी पेट में दर्द और अत्यधिक थकान का अनुभव होता है। मैनकाटो में मेयो क्लिनिक हेल्थ सिस्टम के पारिवारिक चिकित्सा चिकित्सक चतुरा अलूर ने कहा, पहले हृदय रोग के विकास के जोखिम कारकों को पहचानना और फिर उन व्यवहारों पर अंकुश लगाने के लिए काम करना महत्वपूर्ण है जो उस जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

अलूर ने कहा, कुछ कारक महिलाओं में हृदय रोग के विकास में पारंपरिक जोखिमों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे उच्च कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और उच्च रक्तचाप। हृदय रोग को रोकने में मदद के लिए महिलाओं को मधुमेह, मानसिक तनाव और अवसाद, धूम्रपान और आरामदेह जीवन शैली जैसे जोखिम कारकों को नियंत्रित करना चाहिए। रजोनिवृत्ति, ब्रोकेन हार्ट सिंड्रोम और गर्भावस्था की जटिलताओं सहित कुछ स्थितियाँ भी एक महिला में हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकती हैं। डॉ. अलूर ने कहा, सभी उम्र की महिलाओं को हृदय रोग को गंभीरता से लेना चाहिए। कई महिलाएं अपने लक्षणों को कम महत्व देती हैं और तब तक देखभाल नहीं करती हैं जब तक कि हृदय को नुकसान नहीं पहुँच जाता है और आईसीयू में जाना आवश्यक हो जाता है।

- महिलाओं में सीने में दर्द, दबाव या बेचैनी हमेशा गंभीर नहीं होती है या दिल का दौरा पड़ने का सबसे प्रमुख लक्षण भी नहीं होता है।
- जब महिलाएं दिल के दौरे के लक्षणों का अनुभव करती हैं, तो उन संकेतों की अक्सर गलत व्याख्या की जाती है।
- महिलाओं के लक्षण अक्सर अस्पष्ट होते हैं - सांस की तकलीफ, मतली/उल्टी, और पीठ या जबड़े में दर्द।
- कुछ महिलाओं को चक्कर आना, निचली छाती या ऊपरी पेट में दर्द और अत्यधिक थकान का अनुभव होता है।
- कुछ कारक महिलाओं में हृदय रोग के विकास में पारंपरिक जोखिमों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे उच्च कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और उच्च रक्तचाप।
- हृदय रोग को रोकने में मदद के लिए महिलाओं को मधुमेह, मानसिक तनाव और अवसाद, धूम्रपान और आरामदेह जीवन शैली जैसे जोखिम कारकों को नियंत्रित करना चाहिए।
- रजोनिवृत्ति, ब्रोकेन हार्ट सिंड्रोम और गर्भावस्था की जटिलताओं सहित कुछ स्थितियाँ भी एक महिला में हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकती हैं।
- अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) के अनुसार, गर्भनिरोधक गोलियों और धूम्रपान के संयोजन से युवा महिलाओं में हृदय रोग का खतरा 20 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।
- महिलाओं को बिना किसी पूर्व लक्षण के भी दिल का दौरा पड़ सकता है।



# गूगल वन के हुए 100 मिलियन सब्सक्राइबर्स

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने घोषणा की कि कंपनी की गूगल वन सर्विस के 100 मिलियन सब्सक्राइबर हो चुके हैं, जो जीमेल, ड्राइव और फोटो जैसी फ्री सर्विस के लिए अतिरिक्त स्टोरेज के साथ-साथ ज्यादा फीचर्स तक पहुंच की अनुमति देता है। गूगल वन प्रीमियम प्लान 2 टेराबाइट्स स्टोरेज और वीपीएन और डार्क वेब मॉनिटरिंग जैसे अन्य फीचर्स के साथ आता है। कंपनी का नया एआई प्रीमियम प्लान यूजर्स को जेमिनी एआई तक पहुंच प्रदान करता है, और जल्द ही जीमेल और डॉक्स के अंदर जेनरेटिव एआई फीचर्स प्रदान करेगा। हमने हाल ही में 100 मिलियन गूगल वन सब्सक्राइबर्स को पार कर लिया है! हम अपने नए एआई प्रीमियम प्लान के साथ उस गति को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं, जिसमें जेमिनी एडवांस्ड, प्लस जेमिनी इन जीमेल, डॉक्स प्लस जैसे एआई फीचर्स की पेशकश की जाएगी। गूगल वन अधिक स्टोरेज प्रदान करता है, गूगल प्रोडक्ट्स में एक्सक्लूसिव फीचर्स को अनलॉक करता है, और कंपनी को अपने सबसे ज्यादा एक्टिव यूजर्स के साथ मजबूत रिलेशनशिप बनाने की अनुमति देता है।

# जब जैक्सन ने जावेद को लगाया गले



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्टर और हास्य अभिनेता जावेद जाफरी ने न्यूयॉर्क में माइकल जैक्सन (एमजे) से हुई मुलाकात के बारे में बताया। 'किंग ऑफ पॉप' के नाम से मशहूर एमजे एक सिंगर और डांसर थे, जिन्होंने अपने चार दशकों के करियर में म्यूजिक, डांस और फैशन में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने डांस मूव 'मूनवॉक' को भी लोकप्रिय बनाया। जावेद सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के स्पेशल एपिसोड में दिखाई दिए। यहां उन्होंने एमजे से मुलाकात के बारे में बात की और बताया: न्यूयॉर्क में एक पुरस्कार समारोह था, जहां उन्हें एक भारतीय समाज द्वारा सम्मानित किया गया। वह स्टेज पर तब आए जब मेरे अलावा वहां कोई नहीं था। उस वक्त मैं शो होस्ट कर रहा था। जैसे ही वो आ रहे थे, मैंने उस पल को उनके साथ साझा किया, और जब वह जा रहे थे, तो मैंने कहा, 'मैं उन्हें जाने नहीं दूंगा,' और मैंने पूछा, 'क्या मैं आपके गले लग सकता हूं?' उन्होंने कहा, 'हां, बिल्कुल,' और उन्होंने प्यार से मुझे गले लगा लिया। अभिनेता ने कहा, यह बहुत खास पल था क्योंकि माइकल जैक्सन ने मुझे गले लगाया था। यह यादगार पल हमेशा मेरे साथ रहेगा। मैंने इवेंट में स्टेज पर उनका परिचय कराया था और उन्होंने कहा, 'ओह, आपने बहुत अच्छा काम किया, धन्यवाद।' मैंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।' वह एक अलग स्तर पर है। उन्होंने आगे बताया कि कैसे उनकी होने वाली पत्नी ने एमजे को मुंबई में लाइव परफॉर्म करते देखने की जिद की थी। उन्होंने कहा, जब माइकल जैक्सन मुंबई में परफॉर्म करने आए, तो मेरी पत्नी आठ महीने की गर्भवती थी और उसने शो को लाइव देखने की जिद की। वह गर्भवती अवस्था में मेरे साथ आई और हम सामने की लाइन में खड़े होकर उनको चीयरिंग कर रहे थे। माइकल जैक्सन की तरह, लाखों लोग एक कंप्लीट परफॉर्मर बनना चाहते हैं।

# 'रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी' से ओटीटी डेब्यू कर रही रीम शेख


**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस रीम शेख, जो लीगल ड्रामा 'रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी' के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, ने कहा कि वह पहली बार ग्रे शेड का किरदार निभा रही हैं। 'तुझसे है राब्ता', 'गुल मकई' में अपने काम के लिए मशहूर रीम इस शो में अंकिता पांडे का किरदार निभा रही हैं। यह न केवल ओटीटी दुनिया में मेरा पहला प्रोजेक्ट है, बल्कि ग्रे शेड्स वाले किरदार को निभाने में मेरी पहली कोशिश भी है। 'दीया और बाती हम' की एक्ट्रेस ने कहा, अंकिता और मेरे बीच मतभेदों के बावजूद, यह अविश्वसनीय है कि कैसे सिर्फ 20 मिनट का मेकअप और ड्रेस मुझे बदले और गुस्से से भरी उसकी दुनिया में ले जाती है। उन्होंने आगे कहा, यह भूमिका मेरे लिए आसान नहीं है। इस रोल ने मुझे अंकिता के मानस में गहराई से उतरने और उसके रिश्तों के जटिल जाल को उजागर करने की भी अनुमति दी है। शो में जेनिफर विंगेट, करण वाही और संजय नाथ हैं। यह 12 फरवरी से सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

# दबंगी में रचना मिसी ने ली आर्या की जगह

**मुंबई (वार्ता)।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी,'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी।'दबंगी - मुलगी आई रे आई' ने दर्शकों को आर्या की अपने पिता को खोजने के सफर से बांधे रखा है; और छुपे रहस्यों और उलझे हुए रिश्तों की दुनिया में प्रवेश किया जिसने उसके जीवन को उलट-पुलट कर दिया। सत्या (आमिर दलवी) को चौंकाने वाली सच्चाई का पता चलता है कि आर्या उसकी लंबे समय से खोई हुई बेटी है, जिससे वह चौक जाता है। हालाँकि, उसकी अंतिम परीक्षा तब होती है जब कस्तूरी (हिमानी चावला) की चालाक योजनाएँ उसे आर्या के खिलाफ साजिश रचने के लिए प्रेरित करती है। उथल-पुथल के बीच, आर्या के चाचा और पालक पिता, अंकुश (मानव गोहिल) ने आर्या की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दिया, और उसे पारिवारिक विश्वासघात के परिणामों से जूझने के लिए छोड़ दिया। और, जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेाी रचना मिसी कदम रखेंगी।

# शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर सिंह

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते है। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले है।



# एक्टर के रूप में संतुष्ट हूं सुम्बुल तौकीर



**मुंबई (आईएएनएस)।** सुम्बुल तौकीर स्टारर शो 'काव्या- एक जज़्बा, एक जुनून' ने हाल ही में 100 एपिसोड पूरे किए। इस मौके पर एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे इस किरदार ने उनके करियर में योगदान दिया है। सुम्बुल ने काव्या नाम की एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाई है। शो में मिश्कत वर्मा रिपोर्टर अधिराज की भूमिका में हैं। यह पूछे जाने पर कि वह काव्या बनकर कैसा महसूस करती हैं, 'इमली' फेम एक्ट्रेस ने कहा, मैं एक एक्टर के रूप में संतुष्ट हूं। किरदार में कई आयाम और गहराई हैं। फैंस शो को पसंद कर रहे हैं। मुझे दुनिया भर से सोशल मीडिया पर सराहना भरे मैसेज मिल रहे है। मैं जितना हो सके उतने मैसेज पढ़ने की कोशिश करती हूं। यह फैंस की दुआएं हैं, जो मुझे कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। इस शो में अनुज सुलेरे भी हैं और यह सोनी पर प्रसारित होता है।

# रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे भंसाली !

मुंबई,(वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

# टॉमी हिलफिगर के शो में दिखीं सोनम कपूर

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस सोनम कपूर, जो अपने फैशन स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं, हाल ही में न्यूयॉर्क में चल रहे न्यूयॉर्क फैशन वीक में डिजाइनर टॉमी हिलफिगर के शो में नजर आईं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर डिजाइनर के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक आइकोनिक लोकेशन और एक शानदार शो में मेरे पसंदीदा न्यूयॉर्क में टॉमी हिलफिगर का 36 घंटे का एक्सपीरियंस कितना अद्भुत है.. पिछले कुछ समय में मुझे सबसे ज्यादा मजा आया। मुझे यह मौका देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।



# मेनुका पौडेल 'कर्मा मीट्स किस्मत' के लिए गाएंगी गाना


**मुंबई (आईएएनएस)।** सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' की दृष्टिबाधित कंटेस्टेंट मेनुका पौडेल को संजय मिश्रा अभिनीत प्लेबैक सिंगर के रूप में एक प्रोजेक्ट 'कर्मा मीट्स किस्मत' के लिए चुना गया है। लेखक-निर्देशक गीतांजलि सिन्हा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में फरीदा जलाल, अलका अमीन, वैष्णवी मैकडोनाल्ड, अम्मान खान और नुपुर शर्मा भी हैं। फिल्म में सोनू निगम और साधना सरगम के गाने भी हैं। गाना गाने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, मेनुका ने कहा, मैं उस प्यार और आशीर्वाद से बहुत प्रभावित हूं जिसने मेरे लिए यह खूबसूरत रास्ता प्रशस्त किया है। उन्होंने आगे कहा: अरन सर और लेखक-निर्देशक गीतांजलि दीदी के साथ काम करना एक अभूतपूर्व सीखने का अनुभव था।



# दिलों पर राज करते थे कमाल अमरोही

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड में कमाल अमरोही को ऐसी शख्सियत के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने बेहतरीन गीतकार, पटकथा और संवाद लेखक तथा फिल्म निर्माता एवं निर्देशक के रूप में दर्शकों के दिलों पर राज किया। 17 जनवरी 1918 को उत्तर प्रदेश के अमरोहा में जमींदार परिवार में जन्मे कमाल अमरोही मूल नाम (मूल नाम सैयद आमिर हैदर कमाल) शुरुआती दौर में एक उर्दू समाचार पत्र में नियमित रूप से स्तम्भ लिखा करते थे। अखबार में कुछ समय तक काम करने के बाद उनका मन उचाट होने लगा और वह कलकत्ता चले गए और फिर वहां से मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर कमाल अमरोही को मिनर्वा मूवीटोन की निर्मित कुछ फिल्मों में संवाद लेखन का काम मिला। इनमें जेलर, पुकार और भरोसा जैसी फिल्में शामिल थीं, इन सबके बावजूद कमाल अमरोही को वह पहचान नहीं मिल पाई, जिसके लिए वह मुंबई आए थे।

अपने वजूद की तलाश में कमाल अमरोही को अपनी पहचान बनाने के लिए लगभग 10 वर्ष तक फिल्म इंडस्ट्री मे संघर्ष करना पड़ा। उनका सितारा साल 1949 में प्रदर्शित अशोक कुमार की निर्मित क्लासिक फिल्म 'महल' से चमका। अशोक कुमार ने कमाल अमरोही को फिल्म 'महल' के निर्देशन का जिम्मा दिया। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी महल की कामयाबी ने न सिर्फ पार्श्वगायिका लता मंगेशकर के



सिने करियर को सही दिशा दी बल्कि फिल्म की नायिका मधुबाला को स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। आज भी इस फिल्म के सदाबहार गीत दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते है।

वर्ष 1952 मे कमाल अमरोही ने फिल्म अभिनेत्री मीना कुमारी से शादी कर ली। उस समय कमाल अमरोही और मीना कुमारी की उम्र में काफी अंतर था। कमाल अमरोही 34 साल के थे जबकि मीना कुमारी महज 19 साल की थी। महल की कामयाबी के बाद कमाल अमरोही ने कमाल पिक्चर्स और कमालिस्तान स्टूडियो की स्थापना की। कमाल पिक्चर्स के बैनर तले उन्होंने अभिनेत्री पत्नी मीना कुमारी को लेकर 'दायरा' फिल्म का निर्माण किया लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।

इसी दौरान कमाल अमरोही को के.आसिफ की साल 1960 में प्रदर्शित फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में संवाद लिखने का अवसर मिला। इस फिल्म के लिए वजाहत मिर्जा संवाद लिख रहे थे लेकिन के.आसिफ को लगा कि एक ऐसे संवाद लेखक की जरूरत है, जिसके लिखे डायलॉग दर्शकों के दिमाग से बरसों बरस नहीं निकल पाएं और इसके लिए उन्होंने कमाल अमरोही को अपने चार संवाद लेखकों में शामिल कर लिया। इस फिल्म के लिए कमाल अमरोही को सर्वश्रेष्ठ संवाद लेखक का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1964 मे कमाल अमरोही और मीना कुमारी की विवाहित जिंदगी में दरार आ गई और दोनों अलग अलग रहने लगे। इस बीच कमाल अमरोही अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पाकीजा' के निर्माण में व्यस्त रहे। उन्हें इस फिल्म के निर्माण में लगभग चौदह साल लग गए।कमाल अमरोही और मीना कुमारी अलग हो गए थे फिर भी कमाल अमरोही ने फिल्म की शूटिंग जारी रखी क्योंकि उनका मानना था कि 'पाकीजा' जैसी फिल्मों के निर्माण का मौका बार-बार नहीं मिल पाता है।

वर्ष 1972 में जब 'पाकीजा' प्रदर्शित हुई तो फिल्म में कमाल अमरोही के निर्देशन क्षमता और मीना कुमारी के अभिनय को देख दर्शक मुग्ध हो गए।'पाकीजा' आज भी कालजयी फिल्म में शुमार की जाती है। वर्ष 1972 में मीना कुमारी की मौत के बाद कमाल अमरोही टूट से गए और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। साल 1983 में कमाल अमरोही ने खुद को स्थापित करने के उद्देश्य से एक बार फिर फिल्म इंडस्ट्री का रुख किया और फिल्म 'रजिया सुल्तान' का निर्देशन किया। भव्य पैमाने पर बनी इस फिल्म में कमाल अमरोही ने एक बार फिर अपनी निर्देशन क्षमता का लोहा मनवाया लेकिन दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई और बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से नकार दी गई।

# राहुल गांधी की सामाजिक न्याय यात्रा का होगा ऐतिहासिक स्वागत : फसाहत हुसैन बाबू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश में भ्रष्टाचार और भेदभाव मिटाने के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जी के नेतृत्व में मणिपुर से निकाली जा रही सामाजिक न्याय यात्रा बिहार से होते हुए उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले से प्रवेश करने जा रही है, जो 20 जिलों से होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार दिनांक 12 फरवरी सोमवार को दिन में कांग्रेस जिला कार्यालय रजदेपुर, गाजीपुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी के सम्बंध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मो. फसाहत हुसैन बाबू एवम लोकसभा कोऑर्डिनेटर एच.सी. दुर्वेदकर जी ने जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के साथ ब्लॉक और सभी फ्रंटल कमेटी पदाधिकारियों के साथ एक बैठक में भाग लिया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकताओं से यात्रा में उपस्थित होने की बात कही। फसाहत हुसैन ने बताया कि यात्रा जिधर से निकल रही है उसे आपार जनसमर्थन मिल रहा है। लोग राहुल गांधी जी और कांग्रेस के विचारों से जुड़ रहे हैं, उन्होंने कहा कि यूपी में कार्यकर्ता और जनता स्वागत के लिए बेताब हैं, यात्रा चंदौली, वाराणसी और लखनऊ होते हुए आगे बढ़ेगी। वहीं एचसी दुर्वेरकर ने बताया कि बिहार से यूपी में यात्रा का प्रवेश लोकप्रिय कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में होगा जिसमें सभी कांग्रेस जनों की उपस्थिति आवश्यक है, उन्होंने कहा कि ये यात्रा देश में चल रही नफरत की राजनीति को रोकने के लिए और सामाजिक न्याय के लिए जनहित में निकाली जा रही है जिसे जनता का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है जिसमें गाजीपुर की सहभागिता उल्लेखनीय होनी चाहिए। वहीं जिलाध्यक्ष सुनील राम और शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने भी मीटिंग में संयुक्त रूप से नेताओं को आश्वस्त करते हुए कार्यकताओं और पदाधिकारियों से अपील की है कि भारत जोड़ो सामाजिक न्याय यात्रा को यूपी में पहुंचते ही भव्य स्वागत और ऐतिहासिक स्वरूप दिया जाएगा।




बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पशुपतिनाथ राय, एआईसीसी सदस्य रविकांत राय, पीसीसी सदस्य डॉक्टर मारकंडेय सिंह, जनक कुशवाहा, अजय कुमार श्रीवास्तव, सुमन चौबे, आशुतोष गुप्ता एवं चंद्रिका सिंह, जफरुल्लाह अंसारी, हामिद अली, राजीव सिंह, उमाशंकर सिंह, मंसूर मिसाल जैदी, दिव्यांशु पांडे ,हर्ष पांडे, विद्या शंकर पांडे, वीरेंद्र कुमार राय, मोहन राम, अजय दुबे,ईनर्मल यादव, साजिद खान, गयासुद्दीन अंसारी, हरिओम यादव, डॉक्टर गुड्डू, नसीम अख्तर, गुड्डूशशि भूषण राय, उमाशंकर सिंह, बृजेश गौतम, विनोद सिंह, गुलबास यादव, सदानंद गुप्ता, रईस अहमद, मिलिंद सिंह, सतीश सिंह, मोहम्मद कादिर, अनिल पाठक, विपुल विनायक मिश्रा, ओम प्रकाश पांडे, सेराज, उदित नारायण, मक्खन वर्मा, विजय शंकर पांडे, सुशील सिंह, प्रकाश नारायण पांडे, राहुल मौर्य, राजेश यादव, तारीख अजीज, राम अवतार भारती गर्जन यादव आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता व पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष वासुदेव पांडेय का इलाज के दौरान मौत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बाराचवर ब्लाक के ग्राम पंचायत शेरपुर ढोटारी निवासी भाजपा नेता, किसान मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री वासुदेव पांडेय 64 वर्ष का बीती रात्रि लगभग 10 बजे, चिकित्सा के दौरान वाराणसी ट्रामा सेंटर में निधन हो गया। वासुदेव पांडेय विगत 29 दिसंबर से ब्रेन हेमरेज के कारण जीवन मृत्यु से संघर्षरत ट्रामा सेंटर में भर्ती थे। उनके पीछे पत्नी रामवती देवी तथा दो पुत्र रजनीश पांडेय और मुकेश पांडेय हैं। स्व वासुदेव पांडेय के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार आज सोमवार को गौसपुर के पास सुल्तानपुर घाट, गंगा तट पर अपराह्न 12 बजे होगा। इस निधन पर भारतीय जनता पार्टी मे शोक की लहर हैं। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि वासुदेव पांडेय जी जन समस्याओं को लेकर सदैव संघर्ष करने वाले नेता थे। उनके आसमयिक निधन पर भारतीय जनता पार्टी गहरा दुख और संवेदना प्रकट करती है। इसके अलावा कृष्ण बिहारी राय, भानु प्रताप सिंह, सरोज कुशवाहा, प्रवीण सिंह, ओमप्रकाश राय, श्यामराज तिवारी, दयाशंकर पांडेय, अखिलेश सिंह, अखिलेश राय, शशिकांत शर्मा,सम्पूणार्नंद उपाध्याय,ओमप्रकाश कुशवाहा, देवेन्द्र सिंह आदि ने दुख प्रकट किया है।

## महिला भूमिहार समाज (नव्या क्लब) की महिलाओं ने मनाया वसन्त का कार्यक्रम

प्रखर वाराणसी। महिलाओ भूमिहार समाज ( नव्या क्लब ) की महिलाओ ने वंसत पंचमी का कार्यक्रम पीताम्बर धारण करके गंगा माता के बजरे पर उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना हे हंस वाहिनी अम्ब बिमल मति दे अंजली राय के गीत द्वारा शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर राजलक्ष्मी ने किया। उन्होने कहा कि ' नव्या क्लब की स्थापना महिलाओ के विकास के लिए ही किया गया है इसके तहत जरूरतमंद को किया जाएगा किसी बच्ची की शिक्षा आर्थिक अभाव मे नही हो पाई रही है या किसी की वेटी की शादी आर्थिक तंगी मे नही हो पा रही है तो हम सभी सहयोग



करेंगे। कार्यक्रम में रीमा राय अमिता राय पूनम राय सोनी राय अंजली राय सोनिया मधुलिका सुष्मिता ने रंगारंग कार्यक्रम किया ओर सभी को नाचने को विवश किया। कार्यक्रम मे रिमझिम किरन सिंह परी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। संचालन अंजली राय व सोनिया ने किया। पूनम.सिह उत्तमा राय स्वर्णलता राय आदि उपस्थित थी। आये हुए अतिथि का धन्यवाद डां राजलक्ष्मी ने दिया।

## बीएड कॉलेजों के विद्यार्थियों को वितरित हुआ स्मार्टफोन

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। एसकेवी शिक्षण संस्थान रग्घुपुर बेहड़ा में डीजी शक्ति योजना के तहत सोमवार को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। कुल 94 छात्र-छात्राओं में स्मार्ट फोन वितरित किया गया। समाजसेवी व व्यवसायी दिलीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है। आधुनिकीकरण समय की मांग है। युवाओं को तकनीक से जोड़ना शासन का उद्देश्य है। इससे रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। छात्र-छात्राओं के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। संस्था के प्रबंधक डॉ इंद्रपाल सिंह ने कहा कि शासन की योजना का लाभ लाभार्थी को मिलना चाहिए। स्मार्ट फोन वितरण प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इससे छात्रों को परीक्षा की लिए तैयारी में




मदद मिलती है। कहा कि बीते कुछ समय में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। इसका बड़ा कारण युवाओं को तकनीक से जोड़ना है। प्राचार्य डॉ विमल कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार सिंह ने किया। इस दौरान प्रशांत पांडेय, धर्मपाल सिंह,जयंती लाल पटेल, चन्दपाल सिंह, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में हुआ लाभार्थी संपर्क कार्यशाला का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लाभार्थी सम्पर्क कार्यशाला का आयोजन आज सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय की परिकल्पना है कि जब तक हम देश के अत्यंत गरीब और कमजोर व्यक्ति तक को मजबूत नहीं कर पाएंगे तब तक देश को विकसित नहीं बना सकते।और इसी सोच और परिकल्पना को साकार करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजनाओं के माध्यम से देश के कमजोर और गरीब तक को समृद्ध और समर्थता प्रदान करते हुए विकसित भारत की नींव मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं में समाज का गरीब,महिला, युवा और किसान को केन्द्र बिन्दु में लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राथमिकता से पात्रता का निर्वाह किया है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कार्यशाला विषय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबका सम्मान के साथ सरकार ने योजनाओं के माध्यम से देश का सर्वांगीण विकास और बुनियाद को मजबूत किया है। उन योजनाओं से हर व्यक्ति जागरूक हो यह भाजपा कार्यकताओं की नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। उन्होंने कहा की सरकार के गरीब कल्याण, उज्जवला, किसान सम्मान, कौशल विकास, आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास आदि जिन योजनाओं से गरीब,महिला, युवा और किसान आज समृद्ध हो रहा है, उन योजनाओं के लाभार्थियों से व्यापक सम्पर्क कार्यक्रम को समर्पित होकर बड़ी जिम्मेदारी से करना है। लोकसभा प्रभारी आर पी कुशवाहा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज किसी भी अन्य राजनैतिक दल में यह साहस नहीं है जो सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो को नकार सके। क्योंकि निष्ठा और नैतिकता से किया गया यह कार्य विकसित भारत के निर्माण में देश को मजबूत करने में सक्षम हो रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए जिले की पूर्व विधायक डा संगीता बलवंत को उम्मीदवार बनाए जाने पर उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी । तथा पार्टी नेता किसान नेता वासुदेव पांडेय के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति दी गई। इस अवसर पर कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम संयोजक



जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनिता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजेंद्र राय, विनोद अग्रवाल, ओमप्रकाश राय, रवि प्रकाश, जयप्रकाश गुप्ता, शशि सोनकर, दयाशंकर पांडेय, लालसा भारद्वाज, सुरेश बिंद, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, राकेश यादव, गर्वजीत सिंह, रमेश सिंह पप्पू, हरेन्द्र यादव, पूनम मौर्य, संतोष जायसवाल, सोमारु चौहान, अनिल यादव, सोनम शर्मा, अविनाश सिंह, नीतीश दूबे सहित मंडल अध्यक्ष विधानसभा संयोजक आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसियेशन सदस्य ने निकाला जुलूस, दिया धरना

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन के कार्यकताओं ने देश व्यापी आह्वान के तहत कैम्प कार्यालय तुलसी सागर लंका से जुलूस के सकल में मार्च कर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष कामरेड सरजू पाण्डेय पार्क में धरना एवं सभा के माध्यम से संबोधित महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मूर्मू के नाम मांग पत्र दिया। सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा जिलाध्यक्षा कामरेड चन्द्रावती बिन्द ने कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी इस देश की महिलाओं को न्याय, बराबरी और लोकतांत्रिक जीवन जीने का सामाजिक-राजनैतिक परिवेश नहीं मिल पाया है जिसकी संविधान गारंटी देता है। आज भी महिलाएँ उस हक और अधिकार से वंचित-वर्जित हैं जो उन्हें इस समाज की निर्माणक इकाई होने के नाते मिलना चाहिए था। जाति, धर्म, वर्ग, वर्ण और लैंगिक आधार पर भेदभावपूर्ण इस विषमता पीड़ित तंत्र में महिलाएँ अपनी असली ज़िंदगी में दोयम दर्जे की नागरिक हैं जिसके चलते महिलाओं की स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। गली-मोहल्ले से लेकर संसद के गलियारों तक महिला सशक्तिकरण के तमाम दावों के बावजूद




उसे राजनैतिक तंत्र द्वारा सचेतन रूप से न केवल हर तरह से कमजोर किया जा रहा है बल्कि संस्कृति-संस्कारों के नाम पर उसके बढ़ती राजनैतिक चेतना व अधिकारों की दावेदारी को पीछे धकेला जा रहा है। वर्तमान के इस आमजन,विशेष रूप से महिला विरोधी इस राजनैतिक परिवेश में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन अपने स्थापना दिवस-12 फरवरी 2024, को देश के कोने-कोने से, हर शहर-कस्बे की महिलाएँ अपने जिले के मुख्यालयों पर प्रदर्शन के माध्यम से अपनी समस्याओं को मजबूती रख रही है। आज के धरना एवं सभा के माध्यम से ऐपवा ने मांग किया कि रसोई गैस प्रति सिलेंडर साढे 450 तय किया जाए। विधवा, वृद्धा, विकलांग, एकल महिलाओं को न्यूनतम 3000 मासिक पेंशन दिया जाए। हर पंचायत में सरकारी अस्पताल बनाया जाए। महिला आरक्षण कानून को 2024 के चुनाव में लागू किया जाए। समूह की सभी महिलाओं के लिए रोजगार का प्रबंध हो। महिलाओं को कर्ज के फंदे से मुक्त किया जाए। पीजी तक लड़कियों की शिक्षा मुफ्त की जाए। स्कूली शिक्षा में समान स्कूल प्रणाली लागू किया जाए। दहेज उत्पीड़न पर रोक लगे,अंधविश्वास-रूढ़िवाद को बढ़ावा देना बंद हो। उतराखंड सरकार द्वारा पारित यूनिफॉर्म सिविल कोड को रद्द किया जाए। महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाए। प्रधानमंत्री मोदी जी के चुनाव प्रचारक और बनारस भाजपा आईटी सेल के प्रमुख, बलात्कारी कुणाल पांडेय को कड़ी सजा मिले।

## ग्राम प्रधान का आरोप कठिनाइयां नदी पर किया जा रहा है निजी कंपनी के द्वारा अवैध कब्जा, डीएम से शिकायत

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सुबह के मुखिया योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश राज्य में नदियों और तालाबों के संरक्षण के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं को चलकर उसे सुरक्षित रखने का एक बहुत ही महत्वपूर्ण बीड़ा उठाया था। उत्तर प्रदेश सरकार का सीधा-सीधा ऐलान था की सरकारी जमीनों नदियों और तालाबों पर किए गए अतिक्रमण और कब्जे को तुरंत खाली कराया जाएगा तथा कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। और जमीन के अवैध कब्जे तथा भूमाफियाओं पर योगी सरकार ने जमकर कार्रवाई करने का काम भी किया है। जो की बहुत ही सराहनीय हैं । यूपी के संत कबीर नगर जिले के चंगेरा मंगेरा गांव से निकलने वाली कठिनाइयां नदी पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ आए दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान चंगेरा मंगेरा का आरोप है कि हमारे गांव के सिवान में विकास केजरीवाल ग्रुप आफ कंपनी के द्वारा एक बहुत बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है



जिसकी स्वीकृति उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर ग्लोबल के तहत टूरिज्म को बढ़ावा देने को लेकर की गई हैं । इस बड़े प्रोजेक्ट पर कंपनी ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। कंपनी के द्वारा कराए जा रहे कार्य के बगल से ही कठिनाइयों नदी गुजरती है जिसके किनारे पर बाउंड्री वॉल का काम कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन ग्राम प्रधान का आरोप है कि बगल से गुजरने वाली कठिनाइयां नदी पर अवैध कब्जा किया जा रहा है । इसी बात की शिकायत को लेकर मैं आज जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचा हूं और मेरे द्वारा लिखित शिकायती पत्र भी दिया है ।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंगेरा मंगेरा शेषनाथ यादव का कहना है कि कठिनइया नदी पर विकास केजरीवाल ग्रुप ऑफ कंपनीज के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया तो बरसात के मौसम में जल निकासी को लेकर बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

वही संत कबीर नगर जिले के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा शिकायती पत्र मिला है मेरे द्वारा अपर जिलाधिकारी को जांच का जिम्मा दिया गया है जांच करने के बाद ही पता लग पाएगा की जमीनी हकीकत की सच्चाई क्या है अगर जांच में किस तरह की अवैध कब्जे वाली बात सामने आती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वही इस पूरे मामले पर विकास केजरीवाल ग्रुप ऑफ कंपनीज के साइट पर मौजूद प्रतिनिधि ने बताया कि संत कबीर नगर जिले के राजस्व टीम तथा जनपद बस्ती के राजस्व टीम के द्वारा नदी की पैमाइश कर उसका सीमांकन निर्धारित कर दिया गया था उसके बाद हम लोगों ने अपना कार्य शुरू किया अगर ग्रामीणों को ऐसा लग रहा है कि कंपनी के द्वारा अवैध कब्जा हो रहा है तो पुनः एक बार फिर इस जगह का राजस्व टीम के द्वारा पैमाइश करा कर सीमांकन करने के बाद ही काम शुरू कराया जाएगा।

## जनता की समस्या से रूबरू होकर उसका जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा : सिटी मजिस्ट्रेट

जौनपुर। जौनपुर में नए सिटी मजिस्ट्रेट के रूप में पदभार ग्रहण किया है इंद्र भुवन सिंह ने पत्रकारो से वार्ता करते हुए बताया कि वह मूलत बिहार के खगरिया जिले के रहने वाले हैं ,1996 बैच के नायब तहसीलदार के रूप में उन्होंने प्रशासनिक सेवा में अपना पदार्पण किया उन्होंने बताया कि मुरादाबाद मंडल के बिजनौर जिले सहित सहारनपुर, नोएडा ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में उन्होंने अपनी सेवा दी है वह मथुरा से स्थानांतरित होकर जौनपुर में आए हैं अपनी शिक्षा के बारे में उन्होंने बताया कि वह भागलपुर विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री से एमएससी है और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से उन्होंने बीएड किया है। 6 फरवरी को जौनपुर में सिटी मजिस्ट्रेट के रूप में उन्होंने पदभार ग्रहण किया अपनी प्राथमिकता के बारे में उन्होंने बताया कि शहर के अंदर अतिक्रमण और ट्रैफिक व्यवस्था उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी ध्वनि प्रदूषण पर बोले की सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश के अनुसार रात के 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक किसी भी स्थान पर ध्वनि प्रदूषण पर पूर्णत रोक रहेगी जो भी शहर के अंदर




ध्वनि विस्तारक यंत्र वगैरह बज रहे हैं वह मानक के अनुरूप बजाए जाये अन्यथा ऐसे लोगो पर कानूनी कार्यवाही होगी।जमीनी विवाद को प्राथमिकता के स्तर पर सुलझाया जाएगा किसी को भी जमीनी विवाद में अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय के रास्ते में जल निकासी के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया



प्रखर संत कबीर नगर। प्राइमरी विद्यालय गिरधरपुर बेलदारी टोला के रास्ते में प्राइमरी विद्यालय वाले रास्ते पर जल जमाव को लेकर भारती य किसान यूनियन के महासचिव रामाशंकर यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। आपको बताते चले की खलीलाबाद विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा गिरधरपुर बेलदारी टोला के रास्ते प्राइमरी विद्यालय पर जाने वाले रास्ते में जल जमाव के कारण बच्चों में आम ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है जिसको लेकर किसान यूनियन के कार्यकताओं द्वारा 9 फरवरी को खंड विकास अधिकारी तथा 16 फरवरी 2024 को तहसील दिवस के माध्यम से अवगत कराया फिर भी उक्त मामले में कोई निस्तारण नहीं दिखाई दिया जिसको देखते हुए भारतीय किसान यूनियन के महासचिव रामाशंकर यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा साथ ही साथ यह भी मांग किया कि अगर उक्त प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया जाता है तो 23 फरवरी 2024 से खंड विकास अधिकारी खलीलाबाद के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता व सदस्य गण मजबूर रहेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### कोटेदार संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी अपने तमाम साथियों सहित काशी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री दिलीप पटेल की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया।संगठन की मजबूती प्रदान होगी । सदस्यता ग्रहण करनेप्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाण्डेय संदीप मिश्रा अशोक कुमार थे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वाराणसी हंस राज विश्वकर्मा जी किसान मोर्चा के अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह वीरू महासचिव प्रमे शंकर पाठक विनोद पाण्डेय पंकज मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।


### प्राथमिक विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



प्रखर जौनपुर। लहरचक प्राथमिक विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण व पुरातन छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह मे अतिथियों ने सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं व प्राथमिक विद्यालय के पुरातन छात्र को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि श्री अजय प्रकाश सिंह (के. डी. सिंह) ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए नियमित समय निकालना चाहिए। एवं छात्र-छात्राओं को परीक्षा के समय घबराना नहीं चाहिए वह अच्छी मेहनत करने से वह गुर्जरों का सम्मान करने से विद्यार्थी सफल होता है।

### छात्रों को दिए गए आपदा प्रबंधन के टिप्स

प्रखर पिंडरा वाराणसी। मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज 2 के अंतर्गत टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग द्वारा आपदा प्रबंधन पर सोमवार को कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी के छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण तथा मॉक ड्रिल अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिया गया।जिसमे आकाशीय बिजली, भूकंप, बाढ़, सर्पदंश, वज्रपात एवं आग से बचाव पर विशेषज्ञ राजनंदनी (टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग) एवं फायर स्टेशन चेतगंज वाराणसी के खुर्शीद अहमद एवं राम प्रताप सिंह द्वारा शिक्षकों व बच्चों को मॉक ड्रिल द्वारा



प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षक कमलेश कुमार पांडे ने आपदा प्रबंधन पर एससीईआरटी द्वारा लिए गए अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए कहाकि जूनियर विंग के बच्चे आपदा में अपनी समझ व सावधानी से बड़े-बड़े खतरों को टाल सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक प्रवीण, निर्मला , अंजुम, धर्मराज, आरती, सुजीत, शैलेंद्र, जयहिंद, प्रतिमा व प्रमोद उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं